


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 04, अंक 19 | ग्वालियर सोमवार 8 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## संघ प्रमुख मोहन भागवत को लगाया गया कोरोना टीका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुप्रीमो मोहन भागवत और महासचिव सुरेश भैय्याजी जोशी ने भी आज कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लगवायी। संघ के दोनों नेताओं को नागपुर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में कोरोना टीका की खुराक दी गई। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैक्सीन लगवाकर टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत की थी। इस फेज में 60 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीका लगाया जा रहा है। आज ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भी नागपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 का टीका लगाया गया। सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री को टीके की पहली खुराक दी गई। उनके साथ उनकी पत्नी कंचन गडकरी ने भी टीका लगवाया। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता गडकरी ने कहा, %%अपनी पत्नी के साथ आज मैंने एम्स, नागपुर में कोविड-19 के टीके की पहली खुराक ली। यह सुरक्षित है।%%उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि देश को कोविड-19 मुक्त बनाने के लिए टीका लगवायें। गडकरी ने कहा, %%मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे टीकाकरण के लिए आगे आएं और देश को कोरोना से बचाने में योगदान दें।%% उन्होंने टीके की पहली खुराक लेते हुए एक वीडियो भी साझा किया।

## बीजेपी में शामिल होंगी 4 बार की टीएमसी विधायक सोनाली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। टीएमसी की कैंडिडेट लिस्ट में नाम न होने से खफा तृणमूल कांग्रेस की विधायक सोनाली गुहा ने सख्त तेवर अपना लिए हैं और



वह भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाली हैं। दक्षिण 24 परगना से चार बार की विधायक रहीं सोनाली गुहा ने कहा कि अगर ममता दीदी मुझे छोड़ सकती हैं तो फिर मैं क्यों नहीं उन्हें छोड़ सकती। कभी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की करीबी सहयोगी रहीं और पार्टी से चार बार की विधायक सोनाली गुहा को शुक्रवार को जब यह पता चला कि उन्हें इस बार टिकट नहीं दिया गया है तो वह रोने लगी थीं। सतगछिया से विधायक गुहा ने कहा कि वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय से बात करेंगी और अपने भविष्य को लेकर आगे की रणनीति तय करेंगी। सोनाली गुहा ने कहा कि हो सकता है मेरी उपयोगिता टीएमसी में खत्म हो गई हो...मेरा फोन रातभर स्विच ऑफ रहा। उससे एक रात पहले मैं दीदी के फोन का इंतजार करती रही, मग उन्होंने एक बार भी मुझसे बात नहीं की।

## टीएमसी सत्ता में आई तो बंगाल बन जाएगा कश्मीर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घमासान चरम पर है सभी नेता एक-दूसरे पर बयानों से तीर चलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच बीजेपी नेता और नंदीग्राम से प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस और मुख?यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर टीएमसी राज्य में वापस सत्ता में आती है तो पश्चिम बंगाल कश्मीर बन जाएगा।



एक जनसभा को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो यह देश बांग्लादेश की तरह एक इस्लामिक राष्ट्र हो सकता था। हम सब लोग बांग्लादेश में रह रहे होते। वहीं अधिकारी के इस बयान पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कटाक्ष किया है। उन्होंने ट्वीट किया, %लेकिन आप बीजेपी वालों के मुताबिक, कश्मीर तो अगस्त 2019 के बाद स्वर्ग बन चुका है, तो पश्चिम बंगाल के कश्मीर बनने में समस्या क्या है

# मेड इन इंडिया के साथ हैण्ड मेड इन इंडिया को करें प्रोत्साहित

**भोपाल।**

**राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने दमोह जिले की ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में रविवार को सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण कार्य का शिलान्यास कर राज्य स्तरीय जनजातीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति श्री कोविन्द ने कहा कि मेड इन इंडिया के साथ-साथ हैण्ड मेड इन इंडिया को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। हस्तशिल्प के क्षेत्र में हमारे आदिवासी भाई-बहन अद्भुत कौशल के धनी हैं।**



## सिंगौरगढ़ क्षेत्र को नेशनल ट्राईबल टूरिज्म हब के रुप में करें विकसित - राष्ट्रपति

प्रयास यह होना चाहिए कि उनके हस्तशिल्प के उत्पादों को अच्छी कीमत और व्यापक स्तर पर बाजार मिल सके। राष्ट्रपति श्री कोविन्द ने कहा कि सिंगौर परिक्षेत्र नेशनल ट्रायबल हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण के लिये किये जा रहे कार्यों से भविष्य में यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि महत्वपूर्ण होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने चंबल, मालवा, बुन्देलखण्ड, महाकौशल, बघेलखण्ड की विरासतों को सहेजने की दिशा में भी बेहतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद पटेल इस दिशा में प्रयास करें। राष्ट्रपति ने कहा कि निश्चित तौर पर भारतीय पुरातत्व के जिन 6 मण्डलों का नव-निर्माण किया गया है।

### ब्रिगेड मैदान से गरजे पीएम मोदी

# ममता ने भरोसा तोड़ा, हम आपका विश्वास जीतेंगे

**कोलकाता।**

**कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड मैदान से पीएम नरेंद्र मोदी ने मौजूद जनसमूह से कहा, ममता ने आपका भरोसा तोड़ा है, लेकिन हम आपका विश्?वास जीतने आए हैं। मोदी ब्रिगेड परेड मैदान में रैली के साथ ही पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावी अभियान का बिगुल फूंकने आए हैं। ममता पर हमला करते हुए मोदी ने कहा, बंगाल ने परिवर्तन के लिए ही ममता दीदी पर भरोसा किया था, लेकिन दीदी और उनके काडर ने ये भरोसा तोड़ दिया। इन लोगों ने बंगाल का विश्?वास तोड़ा है। इन लोगों ने बंगाल को अपमानित किया है। यहां की बहन-बेटियों पर अत्?याचार किया। मैं ब्रिगेड ग्राउंड से आपको इस आशोल पोरिबोरतोन का विश्वास दिलाने आया हूं। विश्वास, बंगाल के विकास का।**

विश्वास, बंगाल में स्थितियों के बदलने का। विश्वास, बंगाल में निवेश बढ़ाने का। विश्वास, बंगाल के पुनर्निर्माण का। विश्वास, बंगाल की संस्कृति की रक्षा का।



ड्ड बंगाल के विकास के लिए बीजेपी की प्रतिबद्धता का हवाला देते हुए मोदी ने कहा, मैं विश्वास दिलाने आया हूं कि आपके लिए, यहां के नौजवानों के लिए, किसानों, उद्यमियों, यहां की बहनों-बेटियों के विकास के लिए हम 24 घंटे दिन-रात मेहनत से काम करेंगे। हम मेहनत करने में कोई कमी नहीं रखेंगे। मोदी ने कहा, हम पल-पल आपके लिए जिएंगे। हम पल-पल आपके सपनों के लिए जिएंगे। ये विश्वास दिलाने मैं आया हूं। उन्होंने कहा, आजादी के इन 75 वर्षों में बंगाल ने जो खोया है, बंगाल से जो छीना गया है, वह मुझसे ज्यादा आप लोग अच्छी तरह जानते हैं। आज हम इस संकल्प के साथ ही आपके सामने आए हैं कि जो भी बंगाल से छीना गया है, उसे वापस लौटाएंगे। मेरे शब्द लिख लीजिए। पीएम बाले, %आज जब भारत आजादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है तो बंगाल एक नई ऊर्जा, एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा। देश की तरह ही बंगाल के विकास के लिए भी अगले 25 साल बहुत अहम होने वाले हैं। इन 25 वर्षों की शुरुआत का पहला पड़ाव विधानसभा चुनाव हैं, अगले 5 वर्षों में बंगाल का विकास अगले 25 वर्षों के विकास का आधार बनाएगा। इसलिए इस बार आप सिर्फ बंगाल में सरकार बनाने के लिए वोट नहीं देंगे बल्कि बंगाल को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वोट करेंगे।% मोदी ने भविष्यक की झलक दिखाते हुए कहा, %जब 2047 में 25 साल बाद देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा तब बंगाल सारे हिंदुस्तान को आगे ले जाने वाला बंगाल बन जाएगा।

## अभिनेता मिथुन भी भाजपा में आए

**कोलकाता।** सिनेमा के पर्दे पर डिस्को डॉंसर के रूप ख्यात रहे प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बीजेपी में शामिल हो गए हैं। कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में आयोजित बीजेपी की रैली में मिथुन चक्रवर्ती भी मंच पर पहुंचे। चक्रवर्ती ने शनिवार शाम को पश्चिम



बंगाल के भाजपा प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की थी। बिग्रेड परेड मैदान में बने मंच पर मिथुन चक्रवर्ती को बीजेपी प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय और बंगाल बीजेपी अध?यक्ष दिलीप घोष ने पार्टी का झंडा दिया। विजयवर्गीय ने ही मिथुन के बीजेपी में शामिल होने का औपचारिक ऐलान किया। मंच से मिथुन ने वहां मौजूद लोगों का अपने डायलॉग से खासा मनोरंजन किया। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 27 मार्च से शुरू होगा जिसके लिए पीएम मोदी ने रैली की। मिथुन ने रैली में मौजूद लोगों को एक के बाद एक कई डायलॉग सुनाए।

## चुनाव की वजह से बंगाल-केरल में हाईवे प्रॉजेक्ट्स ऐलानःनितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी अपनी साफगोई के लिए मशहूर हैं। वह कई बार ऐसी बातें भी बेहद सहज अंदाज में कह देते हैं जिनसे नेता बचते हैं। गडकरी ने कहा है कि स्वीकार किया है कि बंगाल, बजट में तमिलनाडु, असम और केरल जैसे चुनावी राज्यों के लिए हाईवे प्रॉजेक्ट्स का ऐलान चुनाव की वजह से ही किया गया है। उन्होंने सहजता से इसे स्वीकार करते हुए पूछा कि आखिर इसमें गलत क्या है? जितने भी रोड प्रॉजेक्ट्स के ऐलान हुए हैं पिछले एक महीने वे सब चुनावी राज्यों में क्यों हो रहे हैं? तमिलाडु, असम और बंगाल की याद चुनाव से पहले ही क्यों आई? गडकरी ने कहा, %%हम साधु संन्यासी हैं क्या? अगर हम अच्छा काम करेंगे तो चुनाव में जाते हुए कैश करेंगे। मैंने स्वीकार किया है



ना कि चुनाव है इसलिए वहां प्राथमिकता पर कर रहे हैं। इसमें क्या गलत है, कौन से नियम और कानून या लोकतंत्र के खिलाफ है गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को बजट पेश करते हुए केरल, तमिलनाडु, असम जैसे राज्यों के लिए सड़क परियोजनाओं की घोषणा की थी। वित्त मंत्री ने कहा था कि 65,000 करोड़ रुपये के निवेश से केरल में 1,100 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य किया जाएगा।

## महंगे सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के खिलाफ पदयात्रा में शामिल हुईं ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ पदयात्रा में शामिल होने के लिए सिलीगुडी पहुंच गई। इस पदयात्रा में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह दावा करते हुए कहा कि एलपीजी सिलेंडर जल्द ही आम आदमी की पहुंच से बाहर होंगे। सीएम ने कहा, हमें अपनी आवाज सुनाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रदर्शन आयोजित करने की जरूरत है।

## अगर शादी करने का वादा शुरू से झूठा हो तो रेप माना जाएगाः सुप्रीम कोर्ट




**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि यदि महिला से शादी करने का किया गया वादा शुरू से झूठा है तो उसे रेप माना जा सकता है, अन्यथा ये रेप नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए रेप के एक अरोपी के खिलाफ दाखिल चार्जशीट निरस्त करने का आदेश दिया है। यह मामला उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले का है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और एमआर शाह की पीठ ने यह आदेश आरोपी सोनू की विशेष अनुमति याचिका पर दिया। सोनू ने याचिका में एफआईआर और चार्जशीट निरस्त करने का आग्रह किया था।

### कोरोना की सभी गाइडलाइन्स को ध्यान में रखते हुये

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से होगा शुरू

**नई दिल्ली।**

**संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कोरोना की सभी गाइडलाइन्स को ध्यान में रखते हुए सोमवार यानी कल से शुरू होगा। संसद के बजट सत्र का पहला चरण 29 जनवरी को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के संबोधन के साथ शुरू हुआ था और 28 फरवरी को खत्म हो गया था। केंद्रीय बजट को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को संसद में पेश किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सूचना दी है कि राज्यसभा सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक चलेगी जबकि लोकसभा शाम 4 से 10 बजे के बीच कार्य करेगी।**



त्र का दूसरा भाग 8 अप्रैल को समाप्त होगा। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि संसद के बजट सत्र के पहले चरण के दौरान लोकसभा ने 99.5 प्रतिशत प्रोडक्टिविटी देखी गई। बिड़ला ने बताया कि बजट सत्र 2021 के पहले भाग के दौरान, लोकसभा 50 घंटे के निर्धारित समय के मुकाबले 49 घंटे और 17 मिनट बैठी। उनूहोंने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 16 घंटे 39 मिनट तक चली और 130 सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया। लोकसभा अध्यकक्ष ने कहा, जबकि केंद्रीय बजट 2021-2022 पर सामान्य चर्चा के लिए 10 घंटे आवंटित किए गए थे। सदन में 14 घंटे और 40 मिनट तक बहस हुई। केंद्रीय बजट 2021-2022 पर सामान्य चर्चा में 117 सदस्यों ने भाग लिया। शून्यकाल चर्चा में 173 सदस्यों ने भाग लिया। तत्काल सार्वजनिक महत्व के कई मामलों को सदस्यों द्वारा शून्यकाल के दौरान उठाया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर मोशन ऑफ थैंक्स पर चर्चा में कुल 49 महिला सांसदों ने भाग लिया। लोकसभा अध्यक्ष ने उनके उत्साह और सदन की कार्यवाही में भागीदारी की सराहना की। संसद परिसर के अंदर सांसदों के लिए एक टीकाकरण केंद्र भी स्थापित किया गया है।




# गेंथरी की टीम ने जीत हांसिल कर चुरली को दी मात

## थाना प्रभारी लहार उपेंद्र छारी रहे मुख्यातिथि माँ बाराही देवी कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ समापन

**दबोह(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**

माँ बाराही देवी टीम के द्वारा आलमपुर क्षेत्र के ग्राम गेंथरी में 02 मार्च से 05 मार्च तक कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा था।इस दौरान टूर्नामेंट में मप्र व उप्र की टीमो ने हिस्सा लिया।टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लहार थाना प्रभारी उपेंद्र छारी मौजूद रहे।विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद मिश्रा रिटायर्ड मेजर ग्वालियर मौजूद रहे एवम सम्मानीय अतिथि के रूप में मप्र पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मोनू उपाध्याय व पुष्पांजली टुडे के उपसम्पादक अर्पित गुप्ता मौजूद रहे तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता की सिंधिया फैन्स क्लब के प्रदेश सचिव मधुर शर्मा ने की।खेल को शुरुआत करने से पहले सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।उसके बाद आयोजन समिति के उपाध्यक्ष राजवीर सिंह कौरव(रामू)ने अतिथियों का खिलाड़ियों से परिचय कराया।इसी तारम्भ में मौजूद ! अतिथियों का आयोजन समिति ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तदोपरांत मंचासीन अतिथियों को टीम के द्वारा शॉल व श्रीफ़ल भेंट कर सम्मान किया गया।वहीं आज का फाइनल मैच मुकाबला चुरली और गेंथरी के बीच खेला गया।जिसमें गेंथरी टीम ने जीत हांसिल कर चुरली को मात दे डाली।आज का मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा जिसमे दर्शको ने खूब आनंद लिया।फाइनल मैच के दौरान चुरली ने 27 पॉइंट बनाए व गेंथरी ने 30 पॉइंट,और गेंथरी अंत मे विजयी हांसिल की।इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में मौजूद थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम विजेता टीम व उप विजेता टीम को बधाई दी।उसके बाद उन्होंने कहा कि खेल में कोई जीतता है तो कोई हारता एक अच्छा खिलाड़ी खेल भावना से अपने खेल का प्रदर्शन करता है उसको ना तो जीतने का मोह होता है और ना हारने पर दुख क्योकि खेल भावना ही असली खिलाड़ी भावना है आजकल खिलाड़ी में खेल भावना की भारी कमी देखी जाती है और इसका मुख्य कारण यह है कि हम खेल को जीवन की परीक्षा समझ बैठे है यहाँ हर किसी को जीतना है फिर चाहे खेल से प्रेम हो या ना हो।इसी के साथ उन्होंने आयोजन समिति को इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।अंत मे गेंथरी टीम को मैन ऑफ द मैच का यह पुरूस्कार मुख्यातिथि थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के द्वारा प्रदान किया गया।तो वहीं उपविजेता टीम को पुरुस्कार सिंधिया फैन्स क्लब के प्रदेश सचिव मधुर शर्मा के द्वारा प्रदान किया गया।इस दौरान समापन अवसर पर एन आर खेंगर नप दबोह,वैदेही शरण कौरव पूर्व सरपंच,रामानन्द चौधरी पूर्व सरपंच,बलराम जाटव सरपँच रतनपुरा,अनिल चौधरी(स्छुष्ट प्रतिनिधि व समाजसेबी),सुनील उपाध्याय,युवा नेता शिवम चतुर्वेदी,रामलखन कुरचानियां आदि लोग मौजूद रहे। मैच रैफरी के रूप में लोकेन्द्र सिंह कौरव(नेशनल खिलाड़ी),आयुष उपाध्याय(नेशनल खिलाड़ी),कोमेन्टरर के रूप में आदित्य उपाध्याय,सत्य पाल कौरव,सुमन्त कौरव मौजूद रहे।साथ ही टूर्नामेंट में मंच का सफल संचालन संजय पटेल,भानु कौरव व धर्मेंद्र कौरव के द्वारा किया गया।मां बाराही देवी कबड्डी टूर्नामेंट की समिति में अध्यक्ष कुलदीप सिंह कौरव(बंटी),उपाध्यक्ष राजवीर सिंह कौरव(रामू),कोषाध्यक्ष सुनील उपाध्याय(आचार्य जी),सचिव हरिशंकर कौरव(दाऊ)व सहसचिव हरिमोहन कौरव आदि लोग शामिल है।कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी समिति उपाध्यक्ष राजवीर सिंह कौरव(रामू)के द्वारा दी गई।



### समाजसेवी अनिल चौधरी ने खिलाड़ियों का किया सम्मान

कहा जाता है कि खेल में अगर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता रहे तो खिलाड़ियों का मनोबल कभी नही गिरता ।ऐसी ही सोच रखने वाले भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रतिनिधि समाजसेवी अनिल चौधरी ने विजेता व उपविजेता टीम के कप्तानों को सिल्वर मैडल पुरुस्कार के रूप में भेंट किया तो वहीं विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को भी उन्होंने उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया ।यहां बता दे कि अनिल चौधरी जी अपनी कार्यकुशलता के चलते भारतीय जीवन बीमा की ओर से संयुक्त राज्य अमेरिका में भी सम्मान प्राप्त कर चुके हैं और हमेसा व समाजसेवा भी करते नजर आते हैं।

# इटावा की धरती पर गरजे अखिलेश



**पुष्पांजली टुडे इटावा**

बकेवर लखना में सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश सिंह यादव के आगमन पर बकेवर लखना कार्यकर्ताओं ें जिला अध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया और उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा की भाजपा सरकार गरीब असहाय लोगों को कमजोर से कमजोर बनाती जा रही है पेट्रोल के भाव किसानों की आय से ज्यादा होने के कारण खेती भी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं और नौजवानों को नौकरी का भी अवसर भाजपा सरकार में नहीं मिल पा रहा इसी बीच अखिल भारतीय दौरे समाज से अनिल दोहरे अंकित दोहरे सत्येंद्र दोहरे रामगोपाल यादव व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भांवरी गॉव विधालय मे कोविड 19 टीकाकरण शिविर अभियान किया

**नेनारामसीरवी रानी पाली पुष्पांजली टुडे**

पाली निकट ग्राम पंचायत भांवरी गॉव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में कोविड 19 का वैक्सीनेशन टीकाकरण शिविर केम्प के तहत कार्य का अभियान किया गया जिसमें 60 वर्ष से ऊपर गम्भीर बीमारी से पीड़ित 45 से 68 वर्ष तक की उम्र के व्यक्तियो का टीकाकरण किया गया जिसमें 131 व्यक्तियो को टीका लगाया गया इस शिविर अभियान के मौके पर डॉ मयंक शर्मा पाली प्रधान मोहिनी देवी सरपंच सुनीता त्रिवेदी श्यामा देवी कंचन देवी पिंकी गर्ग समाज सेवी हरिभाई पटेल भरत कुमार जवानमल ओमप्रकाश गर्ग जालमसिंह मनोज भाटी दिलीप पटेल सहित कई ग्राम वासी मौजूद थे ।

# थाना अम्बाह पुलिस द्वारा अबैध रेत से भरी ट्रोली व ट्रेक्टर को जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**केशब पंडित अम्बाह पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह. पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाण्डे जी के निर्देशन में जिले भर में अबैध रेत के परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एवं अंबाह एसडीओपी अशोक सिह जादौन के मार्गदर्शन मे दिनांक 07/03/2021 को अम्बाह पुलिस को जरिये मुखबिर के सूचना मिली कि चंबल नदी की अवैध रेत से भरी हुई ट्रोली व ट्रेक्टर ग्राम मल्लबसई से ग्राम महासुख का पुरा अंबाह तरफ जा रहा है मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम महासुख का पुरा पहुचां तो मुखबिर के बताये अनुसार एक ट्रेक्टर का चालक अबैध



रेत से भरी ट्रोली को लेकर महासुख का पुरा से पलू के पुरा की ओर कच्चे रास्ते पर ले जाते हुए दिखा।जो ट्रैक्टर ड्राईवर पुलिस को देखकर ट्रोली पलटाने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस फोर्स के मदद से घेर कर पकड़ा ट्रेक्टर व अबैध रेत से भरी ट्रोली को मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । थाना अम्बाह में अप क्रं 195/21 धारा 379 ताहि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। उक्त सराहनीय कार्य में प्रभारी उनि मोनिका मिश्रा ,उनि. विवेक तोमर, उनि ऋषिकेश शर्मा, एएसआई टीडीएस भदोरिया,एएसआई रघुराज सिह तोमर, आर जोगेन्द्र सिह भदोरिया,आर पुष्पेन्द्र सिह राजावत,आर महेन्द्र सिंह राजावत(एसडीओपी कार्यालय अंबाह),आर राहुल सेगर (एसडीओपी कार्यालय अंबाह),आर चारहीमुद्दीन खान की सराहनीय भूमिका रही।

## महाराज ध्रुव ने कठोर तपस्या कर भगवान का किया दर्शनः पं आकाश कृष्ण व्यास

**ब्रजपाल गुर्जर पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव क्षेत्र के भोपतपुरा में चलरही भागवत कथा के तीसरे दिन व्यास गद्दी से पं श्री आकाश कृष्ण व्यास जी ने महाराज ध्रुव की कथा का बर्णन करते हुए कहा कि महाराज ध्रुव छ वर्ष की उम्र में तपस्या करने वन में चले गए थे महाराज ध्रुव ने छ वर्ष तपस्या करके भगवान को प्राप्त कर लिया था आगे कथा में पंडित आकाश व्यास जी ने कहा कि जब जब धर्म की हानि होती है, तब भगवान अलग अलग रूप धारण करके आते है,और दुष्टों का नाश करते है मनुष्य को तन, मन, धन तीनों को ईश्वर को समर्पित कर देना चाहिए है क्योंकि सेवा से तन पवित्र होता है भजन से मन पवित्र होता है और दान करने से धन पवित्र होता है इसलिए मनुष्य को इन तीनों चीजों को पवित्र करना चाहिए तो व्यक्ति को अपने जीवन में सेवा, भजन और दान देना आवश्यक है व्यक्ति को सिर्फ तीन पग धरती की जरूरत होती है बच्चा जब जन्म लेता है तो उसके पैरों के तीन पग धरती के बराबर लंबाई ही होती है और जब वह व्यस्क हो जाता है तो भी उसके पैर के तीन पग ही धरती चाहिए और जब व्यक्ति की मृत्यु होती है तो भी उसके पैरों के तीन पग धरती में जलता है लेकिन व्यक्ति को सदा त्रिष्णा लगी रहती है।। परीक्षत रामरती एवं पुत्र रामसेवक बोहरे

## भाजपा नेत्री कविता चौधरी के बेटी होने पर स्वागत

**प्रेस नारायणलाल सैणचा बैंगलोर पुष्पांजली टुडे**

सोजत -पंचायत समिति सदस्य कविता चौधरी के बेटी होने पर पहली बार घर पर आने पर परिवार व मोहले वासियों ने स्वागत कर खुशी जाहिर की। भाजपा नेत्री ने पिछले सप्ताह बांगड़ अस्पताल में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। कविता चौधरी सोजत विधायक शोभा चौहान को आदर्श मानती हैं विधायक महिला को लेकर हमेशा जागरूकता तथा महिलाओं को हक के लड़ने के लिए प्रेरित करती रहती है। बेटी को जन्म देकर बहुत खुशनसीब महसूस कर रही हूं ऑर महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। इस दौरान कविता चौधरी ने बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में जल्द ही महिलाओं के लिए घर घर नल कनेक्शन दिलाकर राहत प्रदान करने के लिए विधायक शोभा चौहान से लगातार सम्पर्क में है। तथा अपने क्षेत्र में छात्राओं के लिए शिक्षा का महत्व को लेकर ज्लद उनकी बीच में जाऊंगी। महिलाएं देश की ताकत है ओर घर की गौरव है। पिछ्ले सप्ताह कविता चोधरी ने एक बच्चा व एक बच्ची को जन्म दिया था।

## गोरमी नगर में घोष के साथ निकला संघ का विशाल पथ संचलन

**रिपोर्टर संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

गोरमी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड गोरमी के नगर के स्वयंसेवकों का विशाल पथ संचलन आज नगर के कल्याणपुरा रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ हुआ अब तो संचलन में आगे आगे भगवा ध्वज के साथ युवा स्वयंसेवक घोष के साथ चल रहे थे उसके पीछे अन्य स्वयंसेवक चल रहे थे पथ संचलन नगर के कल्याणपुरा रोड मुख्य रोड कचना रोड लालमन मोहल्ला तिवारी मोहल्ला थापक मोहल्ला यादव मोहल्ला थाना रोड रोता हुआ पुनः कल्याणपुरा रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में समापन हुआ पथ संचलन से पूर्व मुख्य वक्ता के रूप में जिला संघचालक छत्रपाल सिंह जी एबम खण्ड संघचालक डॉ अक्षय जैन जी उपस्थित थे इस अबसर पर उपस्थित स्वयं सेवकों को मुख्य वक्ता जिला संघ चालक छत्रपाल सिंह जी ने संघ का स्थापना से लेकर आज तक का इतिहास बताया एवं कहा संघ का मूल उद्देश्य इस भारत देश को परम वैभव की ओर ले जाना है इसलिए ही संग हमेशा समाज को जागृत करने का कार्य करता है इस देश में जिस दिन यह संपूर्ण हिंदू समाज जागृत हो गया उस दिन भारत हिंदू राष्ट्र बन जाएगा इसलिए हम सब का कर्तव्य है कि अपने अपने घरों में अपने बच्चों को अपने मित्रों को संघ की रीति नीति से अवश्य अवगत कराएं संघ अपने लिए कुछ नहीं करता संग हमेशा राष्ट्र की चिंता करता है हिंदू समाज की चिंता करता है अतः हम सब लोगों को हिंदू समाज में जागृति पैदा करने के लिए हमेशा घर घर जाकर गांव गांव जाकर लोगों को जागृत करना है इस वजह से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समय-समय पर पथ संचलन एवं अन्य उत्सव समाज के साथ समय-समय पर मनाता रहता है पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया पद संचलन में संघ के सभी अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता एवं समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## चेन्नई से लौटने पर निधि संग्रहण दल का जोधपुर एयर पोर्ट पर किया स्वागत

**प्रेस नारायणलाल सैणचा बैगलोर पुष्पांजली टुडे**

**जोधपुर।** बनाड़ रोड़ स्थित श्री आईमाता मन्दिर प्रांगण मे चेन्नई वासियों द्वारा प्रेषित धनराशि का सीरवी समाज जोधपुर ने किया बधावा जोधपुर एयरपोर्ट पर स्वागत तथा मन्दिर प्रांगण मे लक्ष्मी बधावा के दौरान उपस्थित सदस्यगण सीरवी समाज जोधपुर के अध्यक्ष चेनसिंह गहलोत,संरक्षक- पन्नालाल हाम्बड़ एवं नारायणलाल बर्फा,सचिव रतनलाल लेरचा के साथ ही हनुमानराम पंवार उपायुक्त जीएसटी प्रकाश सीरवी सहायक आयुक्त, जीएसटी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष गोविन्दराम मेरावत मानाराम बर्फा आरसीसी कॉन्ट्रेक्टर महेन्द्र लेरचा सेवानिवृत सुबेदार एयर फोर्स लाबुराम चोयल, घीसाराम पंवार, राज. पुलिस के हेड कानि जयराम मुलेवा, प्रभुराम राठौड़, रतनलाल हाम्बड़, कानि ओमप्रकाश लेरचा तथा ओमप्रकाश काग इत्यादि एवं स्थानीय महिलाओं ने श्री आईमाता नगर मे आयोजित लक्ष्मी बधावा कार्यक्रम के दौरान संयुक्त रुप से लक्ष्मी वंदना के साथ चेन्नई के समस्त भामाशाहगणो का ह्रदय से साभार अभिन्नदन सहित धन्यवाद ज्ञापित किया अध्यक्ष महोदय ने फरमाया कि चेन्नई वासियों ने जोधपुर मे प्रायोजित सामाजिक भवन मे अनुकरणीय योगदान देकर अपनी कर्म भूमी के साथ मातृ भूमि को नमन वन्दन किया है।

## खोड में वार्षिक उत्सव मनाया

**रानी पाली नेनाराम सिरवी पुष्पांजली टुडे**

रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम खोड श्रीमती आईसुखी बाई डालचंद लोढ़ा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खोड में उत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान सरपंच दुर्गा दाधीच उप सरपंच प्रतिनिधि मालम सिंह मेड़तिया। प्रधानाचार्य हेमंत दवे व्याख्याता प्रथम सहायक हरीश व्यास द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यालय परिवार द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी एवं भामाशाहों शानदार स्वागत किया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान छात्राओं ने एकल व सामूहिक नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य हेमंत दवे शिक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा भूतपूर्व विद्यार्थी व होनहार प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान सम्मान समारोह भूतपूर्व विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर प्रेरित करना। भामाशाहों को प्रेरित करने को लेकर वार्षिक उत्सव मनाया गया। कोविड-19 के चलते विद्यालय परिवार द्वारा कोविड-19 की पूरी पालना के अनुसार सामान्य पूर्वक कार्यक्रम आयोजित करके कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा दाधीच भाजपा जिला प्रतिनिधि एवं जिला परिषद वार्ड संख्या 17 के प्रतिनिधि मुकेश सिरवी। सरपंच प्रतिनिधि रूपेश दाधीच। उप सरपंच प्रतिनिधि मालम सिंह मेड़तिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता किरण सिंह। भूतपूर्व सरपंच मंजू चौधरी। एवं वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिवार की ओर से आए हुए अतिथियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला साफा शाल ओढ़ाकर शानदार स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य हेमंत दवे। व्याख्याता प्रथम सहायक हरीश व्यास। व्याख्याता मांगीलाल मीणा। अध्यापक फूलचंद मालवीय अनिता कुमारी रश्मि शर्मा व्याख्याता सौरव सिंह चारण अध्यापक हिम्मत सिंह जेठाराम जय सिंह जितेंद्र कुमार दवे नेमाराम प्रमिला यादव इंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।**

दिव्यांशी शिक्षा क्रांति समिति द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष पर एवं समिति के 5 वर्ष पूर्ण हो पूर्ण होने की पक्ष में एक प्रतिभा सम्मान समरोह आ गया जिसमें समाज के विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जैसे समाज में बेहतर कार्य कर रहे व्यक्तियों का एवम महिलाओ ओर बालिकाओ का सम्मान किया गया इसमे आज मुख्य अतिथि के रूप में शैलेश कुशवाह जी, छवि राम कुशवाह जी, सत्येंद्र चौहान जी, शैलेन्द्र यादव जी एवम कल्पना जी सम्मिलित रहे है आज राष्ट्रपति को राजपथ की परेड के से सलामी कर



लौटी अंजलि गौतम जी का सम्मान किया गया, आशीष पराशर जी को सोशल वर्कर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया, समाज सेवी संथाओं में से जो केवल दिव्यांशी फाउंडेशन के साथ मिलकर सेवा कर रहे है उनका सम्मान किया गया, गौसेवा के क्षेत्र में शेखर सिंह तोमर जी, पशु सेवा के क्षेत्र में सुनील राठौर जी, स्वान सेवा के क्षेत्र में केशव पटेल जी एवम युथ आइकॉन आकाश बरुआ जी का सम्मान किया गया, संस्था का मंच का संचालन विनोद तोमर द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम का संचालन समिति के सभी सदस्यों द्वारा किया गया समिति द्वारा आज 130 सम्मान प्रदान किये गए

# सभी गरीब परिवारों को दो वर्ष के अंदर पक्के मकान एवं गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जायेंगे-मंत्री डॉ.मिश्र

**दतिया।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र नगर बड़ौनी में बीड़ी श्रमिक सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दो वर्ष के अंदर सभी गरीब परिवारों को पक्के मकान एवं गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जायेंगे। जिससे महिलाओं को खाना बनाने में सहूलियत होगी वहीं धुएं से निजात मिलेगी। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र शनिवार को बड़ौनी में बीड़ी श्रमिक सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित जन सामान्य से शासन की जनहितैषी एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि भाजपा की सरकार गांव, गरीब, किसान महिलाओं के सम्मान एवं झोपड़ी के उत्थान की सरकार है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं के सम्मान में ऐतिहासिक निर्णय लिये।



प्रदेश में नगर निकायों, पंचायत चुनावों में महिलाओं को आरक्षण प्रदाय कर विभिन्न वर्गो की महिलाओं को घर से बाहर निकलकर सेवा करने का अवसर प्रदाय किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर एवं शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण प्रदाय किया। गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने कहा कि पंद्रह वर्ष पूर्व दतिया एवं बड़ौनी की क्या हालत थी। आज दतिया एवं बड़ौनी हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। बड़ौनी की पेयजल समस्या का जहां निदान हुआ है वहीं बड़ौनी में तहसीलदार, उप पुलिस अधीक्षक के कार्यालय स्थापित कर पदस्थ किया गया है। बड़ौनी में भी भव्य एवं आकर्षक स्टेड़ियम का निर्माण किया गया है। जिसमें खिलाड़ियों को खेल की सभी सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बड़ौनी में तहसील भवन बनना शुरू हो गया है। जो शीघ्र ही पूर्ण होगा। डॉ. मिश्र ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बड़ौनी एवं संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवदेनशीलता के साथ सुनें और निराकरण के प्रयास किये जाए। योजनओं में जो प्रकरण स्वीकृत हो चुके है उनमें वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बुद्यौलिया, पूर्व विधायक डॉ. आशाराम अहिरवार, डॉ. रामजी खरे, सर्वश्री विपिन गोस्वामी, योगेश सक्सैना, सीताराम गुप्ता, रमेश नाहर, अतुल भूरे चौधरी, कालीचरण कुशवाहा, आकाश चतुर्वेदी, गौरव गुप्ता, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरू में श्री लालता प्रसाद वंशकार ने स्वागत भाषण दिया।

## निशान यात्रा निकाल कर किया शुभारंभ

**सबलगढ ।** परम आशीर्वाद भक्त शिरोमणि परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन श्री कृष्ण बाबा जी के आशीर्वाद से श्री खाटू श्याम का सबलगढ़ में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14वां वार्षिक महोत्सव आज गुरुकृपा गार्डन में मनाया जाएगा ।जिसमें जिसमें श्याम रतन पप्पू शर्मा खाटू धाम ,सुश्री अंजली द्विवेदी बरेली , मनोज शर्मा ग्वालियर , कुमार गौरव कोलकाता , अतुल पारीक ग्वालियर ,प्रकाश म्यूजिकल ग्रुप सीकर एवं पावन श्याम अग्रवाल मार्गदर्शक , प्रमोद अग्रवाल फरीदाबाद जिसके आयोजक श्याम उत्सव समिति सबलगढ़ है । स्थानीय गायक बनवारी लाल शर्मा ,कमल मस्ताना, ध्रुव गोयल है । सर्वप्रथम आज शहर के विभिन्न मार्गो से निशान यात्रा निकाली गई जो महा देवी मंदिर से नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुरुकृपा गार्डन पहुंची ।



## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज

# विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन, लगेगा हुनर हाट

**मुरैना।** महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रतिभाओं को विकसित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। टाउनहॉल में हुनर हाट लगाया जायेगा। हुनर हाट पूरी तरह खुला मंच है, इसमें कोई भी महिला या बालिका आकर अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय ने बताया कि 8 मार्च महिला उद्यमी प्रदर्शनी हुनर हाट का आयोजन महिला उद्यमी एवं महिला स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, नगरीय आजीविका मिशन के सहयोग से उत्पादन का




विक्रय एवं प्रदर्शनी का आयोजन टाउनहॉल जीवाजीगंज मुरैना में होगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत श्रीमती गीता हर्षाना, अध्यक्षता कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन, किशोर न्याय बोर्ड की मजिस्ट्रेट श्रीमती विमलेश मुद्गैया, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री डीके सिद्धार्थ रहेंगे। कार्यक्रम में 12.15 बजे लिंग भेद एवं लैंगिक असमानता पर सामाजिक कार्यक्रम श्रीमती शिल्पी जैन द्वारा संवोधन, 2.25 बजे जेजेवी सदस्य श्री राकेश शिवहरे द्वारा लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण, 2.35 बजे शासकीय उ.उ.मा.विद्यालय क्रमांक-1 मुरैना द्वारा बालिकाओं द्वारा संगीत की प्रस्तुति, 2.45 बजे जेजेबी सदस्य डॉ. नीरज गुप्ता द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 के संबंध में, 2.55 बजे खेल विभाग द्वारा मार्शल आर्ट्स ताईक्वांडो का प्रदर्शन, 3.15 बजे वनस्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती अपूर्वा चौधरी द्वारा महिला एवं बालिकाओं से संबंधित कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा तथा 3.25 बजे सहायक संचालक महिला बाल विकास द्वारा आभार प्रदर्शन किया जायेगा। 9 मार्च को प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण अपराजिता अंतर्गत बालिकाओं की आत्मरक्षा हेतु 15 दिवसीय ताई कमांडो प्रशिक्षण 8 मार्च से समस्त विकासखण्डों में होगा। उसी दिन सायकिल रैली (महिलाओं एवं बालिकाओं की जागरूकता हेतु) शासकीय उ.उ.मा.विद्यालय क्रमांक-1 मुरैना से प्रारंभ कर बिस्मिल संग्रहालय से वापस होते हुये शासकीय उ.उ.मा.विद्यालय क्रमांक-1 पर संपन्न होगा। 10 मार्च को चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों से संवाद, परिचर्चा, संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट, नवीन जिला पंचायत के मीटिंग हॉल में होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फिट इंडिया केम्पेन के तहत मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन आज

**मुरैना।** खेल और युवा कल्याण विभाग, नगर पालिक निगम एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" 8 मार्च पर फिट इंडिया कैम्पेन के तहत मिनी मैराथन (5 कि.मी.) का आयोजन किया जायेगा। मिनी मैराथन दौड़ प्रात: 7.30 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम मुरैना से प्रारंभ होकर एमएस रोड़, पुरानी कलेक्ट्रेट चौराह से टर्न होते हुये वापस स्टेडियम पर समाप्त होगी। जिले की इच्छुक बालिका एवं महिलायें मिनी मैराथन दौड़ में शामिल होने के लिये 8 मार्च 2021 को प्रात: 7 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में अनिवार्यत: उपस्थित होकर मैराथन में शामिल हो सकती है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में आज

**मुरैना ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी बांदिल ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय मुरैना में एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की संपूर्ण जांच की जायेगी तथा जांच उपरांत एनीमिया, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, सरवाइकल ब्रेस्ट, ओरल केंसर तथा रजोनिवृत्ति से संबंधित उपचार किया जायेगा। शिविर में शासकीय विभागों में कार्यरत महिला अधिकारी, कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी।

### आईटीआई में सफाई कार्य हेतु 19 तक आवेदन मांगे

**मुरैना।** आईटीआई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरैना में सफाई कार्य हेतु आवेदन 19 मार्च तक आमंत्रित किये गये है। यह जानकारी अधीक्षक श्री जीएस सोलंकी द्वारा दी गई है।

## जिला सीईओ ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की योजना की समीक्षा की

**मुरैना।** मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला मुरैना की विषयवार व ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रोशन कुमार सिंह ने गत दिवस सामुदायिक संस्थागत के अंतर्गत समूह गठन, ग्राम संगठन का गठन की समीक्षा की गई। प्रगति रिपोर्ट का आधार बनाकर प्रगति के निर्देश दिए तथा संस्थाओं के बैंक खाते न खोलने के लिये बैंको को पत्र जारी करने तथा स्टाफको समूहों के खाते बैंको में जमा करने के निर्देश दिए। वहीं समस्त लक्ष्य 20 मार्च तक पूर्ण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म वित्त में बैंक लिंकेज में शत प्रतिशत लक्ष्य 10 मार्च तक पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि आजीविका कृषि में मधुमक्खी पालन व मशरूम तथा जैविक



खेती के लिये क्लस्टर बनाने के निर्देश भी दिए। वहीं गणवेष निर्माण के लिये समूहों की पूर्ण पारदर्शिता के कार्य व फील्ड समूहों को सम्पूर्ण ऑर्डर करने निर्देश दिए।

## राजस्व प्रकरणों का निराकरण त्वरित गति से किया जाये -कमिश्नर सक्सेना



**मुरैना ।** ग्वालियर-चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने चंबल संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टरों सहित सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये है कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण त्वरित गति से किया जाये। कोई भी प्रकरण एक, दो वर्ष तक लंबित नहीं रहना चाहिये। उन्होंने कलेक्टरों से कहा है कि जिन तहसीलदार, नायब तहसीलदारों ने राजस्व प्रकरणों को लंबित रखा है, उनके प्रस्ताव मुझे भेजे, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाही की जा सके। कमिश्नर ने राजस्व वसूली पर प्रभावी रणनीति बनाने पर जोर देते हुये कहा कि चालू वसूली शतप्रतिशत हो जाये। बकाया वसूली 20 प्रतिशत होना सुनिश्चित करें। उन्होंने श्योपुर, भिण्ड जिलों के कलेक्टरों से कहा कि ऑफिसों को पेपरलेस करते हुये ई-ऑफिस की मैपिंग कराके 1 मई 2021 तक कलेक्ट्रेट ऑफिस ई-ऑफिस अनुसार कार्य करें। कमिश्नर सक्सेना शनिवार को गूगल मीट के द्वारा चंबल संभाग के जिलों की राजस्व की समीक्षा कर रहे थे। गूगल मीट से अपर आयुक्त अशोक कुमार चौहान, संयुक्त आयुक्त विकास राजेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर उमेशप्रकाश शुक्ला, श्योपुर कलेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव, भिण्ड कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सहित मुरैना, भिण्ड और श्योपुर जिले के सभी राजस्व अधिकारी जुड़े हुये थे। कमिश्नर सक्सेना ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुये बानमौर तहसीलदार के यहां नामान्तरण के 31 प्रकरण 1 वर्ष से 2 वर्ष तक, मुरैना तहसील के 22 लंबित प्रकरणों की जांच के निर्देश अपर आयुक्त अशोक कुमार चौहान को दिये। इसी तरह जौरा, सुमावली के 5 सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण लंबे समय से नहीं होने पर अपर आयुक्त चौहान को जांच करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसी तरह तहसीलदार रवीश भदौरिया के यहां 14 प्रकरण 1 से 2 वर्ष तक लंबित रहने, अम्बाह तहसीलदार राजकुमार नागोरिया के यहां किन कारणों से 8 प्रकरण लंबित है, के जांच के निर्देश अपर आयुक्त को दिये गये है। मुरैना में 79 नामान्तरण प्रकरणों को 1 वर्ष, 2 वर्ष तक लंबित रखने पर असंतोष व्यक्त किया। सीएम हेल्पलाइन की लंबित 1266 शिकायतों का निराकरण नहीं होने पर कमिश्नर ने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा है कि इन शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण किया जाये। जौरा में एल-1 पर 124 शिकायतों का निराकरण नहीं होने पर कमिश्नर ने एसडीएम और तहसीलदार के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

## जिले में शान्तिपूर्ण एवं उत्साह के साथ वितरण हुआ राशन



**मुरैना।** रविवार को जिले में प्रात: 9 बजे से अन्न उत्सव का उत्साह राशन की दुकानों पर देखा गया। 5 से 7 दुकानों की मॉनीटरिंग करने के लिये कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने नोडल अधिकारी नियुक्त किये थे, ये अधिकारी बराबर फील्ड में अन्न उत्सव की मॉनीटरिंग करते हुये पाये गये। इसके साथ ही आर्शीवाद योजना के तहत ऐसे एकल परिवार के यहां राशन भेजा गया, जो लोग चलने-फिरने व परिवार में दूसरा व्यक्ति राशन दुकान लेने के लिये नहीं था, उन परिवारों के यहां प्रति व्यक्ति राशन भिजवाया गया।

## फर्जी सीबीआई अफसर पकड़ा

**मुरैना।** पुलिस थाना जौरा के ग्राम अलापुर में एक नकली सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। जानकारी के अनुसार फौजी डंगरी पहनकर एक व्यक्ति अलापुर निवासी प्रकाश गोस्वामी पुत्र मंगल गोस्वामी के घर पहुंचा और उसके लडके भावेश गोस्वामी को एन्काउंटर करने की धमकी दी, व्यक्ति तीन स्टार लगाए हुए था उसके पास एक पिस्टल भी थी, पहले तो गांव वाले उसे देखकर भयभीत हो गए और जब काफी भीड इकट्ठा हो गई तो गांव वालों ने उससे पूछताछ की। गांव वालों की बहस से वो भयभीत हो गया गांव वालों ने पुलिस थाना जौरा को खबर कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पिस्टल सहित गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के विरूद्ध धारा 102, 419, 420, 327, 506 व 170 के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा है। वहीं जौरा पुलिस ने दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।



प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

## रासेयो का जनस्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए युवा प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**अम्बाह।** महात्मा लोचनदास उ.मा.विद्यालय एवं जय हिन्द बिस्मिल महाविद्यालय अम्बाह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों का सात दिवसीय विशेष शिविर विकासखण्ड मुख्यालय से 6 किमी दूर ग्राम चांद का पुरा में सम्पन्न हुआ।÷जन स्वास्थ्य, सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत स्वच्छता जागरण हे युवा÷ थीम पर आयोजित इस शिविर में रासेयो अधिकारी विजय शर्मा और हरिओम शर्मा के नेतृत्व में लगभग एक सैकड़ा युवाओं ने भागीदारी की। शिविर के दौरान छात्र छात्राओं को प्रतिदिन पीटी,ड्रिल एवं योग



का प्रशिक्षण दिया गया एवं बौद्धिक क्षमता वृद्धि हेतु प्रतियोगिताएं, परिचर्चा और अतिथि व्याख्यान कराए गए। युवाओं में भाईचारा और आपसी सदभाव बढ़ाने के लिए देशी खेल खिलाए गए। रात्रि बेला में शिविरार्थियों और स्थानीय लोकगायक मुरारीलाल शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से भरपूर मनोरंजन किया। बदलेंगे तस्वीर गांव की हम एनएसएस के नौजवान गीत गाते हुए झण्डाकी तालाब का जीर्णोद्धार,भुमियां मंदिर के परिसर की साफ-सफाई एवं गंदे पानी के निकास हेतु मार्ग तैयार किया।युवाओं का साहस बढाने हेतु बीहड़ी ऊबड-खाबड़ रास्तों में ट्रेकिंग कराई तथा नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और कोविड टीकाकरण जागरूकता के लिए रैली निकाली,एनएसएस के रूप में मानव श्रृंखला बनाई और घर-घर जाकर पर्चे वितरित किए।शिविर का उदघाटन क्षेत्रीय संत पंचम बाबा ने किया। शिविर का समापन जय हिन्द बिस्मिल महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती सुमिता चौहान ने किया। अध्यक्षता प्रो आर एन सिकरवार ने की। इस अवसर पर युवा समाजसेवी एवं वात्सल्य इन्टरनेशनल स्कूल के संरक्षक राजकुमार तोमर,अध्यक्ष बैनी सिंह , प्रो.आलोक तोमर,पूरन सिंह, वासुदेव त्यागी, प्रियंका तोमर,गौरी तोमर और भूपेंद्र सिंह उपस्थित थे। इस अवसर मुख्य अतिथि श्रीमती चौहान ने कहा कि रासेयो शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, समाज सेवा एवं राष्ट्रीयता की भावना जागृत करते हैं।



## अस्पताल में पर्चा बनवाने लंबी कतारों में लगने से मरीजों मिलेगी निजात

**अशोकनगर।** हमारा अस्पताल नंबर वन अभियान के तहत इन दिनों अस्पताल की व्यवस्थाएं पछार क्लब द्वारा देखी जा रही हैं। रविवार को क्लब के संरक्षक विधायक जजपाल सिंह जज्जी जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली इसके अलावा निरीक्षण के दौरान विधायक ने रसोई घर मे पहुचकर खाने की गुणबत्ता जानी, इसके साथ ही महिला वार्ड बढ़वाने के लिए एसडीएम एवं सिविल सर्जन से चर्चा की। वही हमेशा देखा जाता रहा है कि उपचार कराने आए मरीजों की पर्चा बनवाने के लिए लंबी कतारे लगी होती थी जिसे देखते हुए विधायक श्री जज्जी ने अस्पताल के गेट के वाहर प्रतिक्षालय बनवाने का निर्णय लिया और इसके लिए पांच लाख रुपए की विधायक निधि स्वीकृत की। जिला चिकित्सालय में अपना उपचार कराने आने वाले मरीजों को अब पर्चा बनवाने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा इसके लिए प्रतीक्षालय में एलईडी लगाई जाएगी जिसमें डिस्प्ले पर मरीज के पर्चा बनवाने से लेकर उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा देखने की सूचना प्रसारित होगी साथ ही मरीजों को टोकन वितरित किए जाएंगे जिससे वह अपनी बारी आने पर पर्चा बनवा सके। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय विधायक जिला चिकित्सालय मैं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सतत प्रयास रत हैं। जिला चिकित्सालय में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं एवं डॉक्टरों की सेवाओं के बारे में सदैव बेहतर करवाने का प्रयास करते हैं। अस्पताल की स्वच्छता के लिए साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देते हैं। इसी के तहत उन्होंने पूर्व में 30 लाख रूपए विधायक निधि से स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं को बेहतर बनाने में स्वीकृत किए थे और अब मरीजों के लिए प्रतिक्षालय बनवाने 5 लाख रूपए स्वीकृत किए हैं। विधायक जज्जी जब भी जिला अस्पताल भ्रमण करने जाते हैं तब कुछ ना कुछ देकर ही आते हैं। उनकी मंशा है कि हमारा अस्पताल सर्व सुविधा युक्त हो और स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ती रहे।

## संपादकीए

### शशिकला के संन्यास

तमिलनाडु में शशिकला के संन्यास की घोषणा के बाद कई समीकरण अचानक से बदल गए हैं। भाजपा और अन्नाद्रमुक गठबंधन के लिए जेल से निकलीं शशिकला धीरे-धीरे एक चुनौती बनती जा रही थी। लेकिन, बुधवार को शशिकला ने अचानक राजनीति से संन्यास की घोषणा कर सबको चौंका दिया। चर्चा है कि शशिकला को संन्यास के लिए राजी करने में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की बड़ी भूमिका है, लेकिन राज्य के सियासी पंडित शशिकला के संन्यास की घोषणा को एक बड़े रणनीतिक कदम के रूप में देख रहे हैं। शशिकला के जेल से बाहर आने के बाद उनकी पुरानी पार्टी अन्नाद्रमुक ने उनको पार्टी में वापस लेने से साफ मना कर दिया। इसके बाद शशिकला ने अन्नाद्रमुक के मौजूदा नेतृत्व के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन भी किए थे। ऐसे में इस फैसले से सबसे ज्यादा खुश अन्नाद्रमुक के मौजूदा नेतृत्व को होना चाहिए था। लेकिन, अन्नाद्रमुक खुद शशिकला के इस फैसले को संदेह की नजरों से देख रही है। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि मौजूदा स्थिति में नई पार्टी बनाना उनके लिए फायदे का सौदा नहीं दिख रहा। ऐसे हालात में शशिकला एक कदम आगे, दो कदम पीछे की रणनीति पर चल रही हैं। उनके इस फैसले को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। जयललिता की सहयोगी और उनकी विरासत का दावेदार होने के अलावा शशिकला थेवर कम्युनिटी से आती हैं। यह पार्टी का पुराना वोट बैंक है और इस पर शशिकला की मजबूत पकड़ है। पार्टी में भी शशिकला के काफी समर्थक हैं। फिलहाल, अन्नाद्रमुक को एंटी इनकंबेंसी का नुकसान होता दिख रहा है। ऐसी स्थिति में अगर चुनाव में पार्टी हारती है तो इसका सारा ठीकरा शशिकला पर फूटेगा और पार्टी में उनकी वापसी के रास्ते हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। संन्यास के बाद वो इस दुविधा से भी बाहर आ गईं हैं कि चुनाव में किसका पक्ष लेना है। द्रमुक को भी शशिकला के इस निर्णय से झटका लगा है। अगर शशिकला अन्नाद्रमुक की मौजूदा लीडरशिप का विरोध करती तो वोट बंट जाते और इसकी सीधा फायदा द्रमुक को मिलता। लेकिन, अब शशिकला के साइलेंट हो जाने से वोटों का बिखराव रुकेगा। चुनावी लिहाज से इस फैसले से द्रमुक को भी झटका लगा है। जानकारों का कहना है कि शशिकला अन्नाद्रमुक की लीडरशिप से जरूर नाराज हैं,लेकिन वे यह नहीं चाहेंगी कि इसका फायदा द्रमुक उठाए। भाजपा शुरू से इस पक्ष में थी कि शशिकला, पलानीसामी और पन्नीरसेल्वम के गुट में समझौता हो। भाजपा ने समझौते के लिए सभी पक्षों से बात भी की थी। भाजपा ने भी शशिकला के इस फैसले पर खुशी जाहिर की है। शशिकला भाजपा आलाकमान को नाराज नहीं करना चाहती हैं। उनकी नाराजगी सिर्फ स्थानीय स्तर पर है।

# घोटालों के बादल और चुनावी हिंसा

**घोटाले चुनावी मौसम में ही ये सामने आते हैं और फिर पाँच साल के लिए लुप्त हो जाते हैं। घोटालों के बादल और चुनावी हिंसा पश्चिम बंगाल में चुनावों की औपचारिक घोषणा के साथ ही राजनैतिक पारा भी उफान पर पहुँच गया है। देखा जाए तो चुनाव किसी भी लोकतंत्र की आत्मा होते हैं सैद्धांतिक रूप से तो चुनावों को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है।और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की नींव को मजबूती प्रदान करते हैं। लेकिन जब इन्हीं चुनावों के दौरान हिंसक घटनाएं सामने आती हैं जिनमें लोगों की जान तक दांव पर लग जाती हो तो प्रश्न केवल कानून व्यवस्था पर ही नहीं लगता बल्कि लोकतंत्र भी घायल होता है। वैसे तो पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान हिंसा का इतिहास काफी पुराना है।**

नेशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े इस बात को तथ्यात्मक तरीके से प्रमाणित भी करते हैं। इनके अनुसार 2016 में बंगाल में राजनैतिक हिंसा की 91 घटनाएं हुईं जिसमें 206 लोग इसके शिकार हुए। इससे पहले 2015 में राजनैतिक हिंसा की 131 घटनाएं दर्ज की गई जिनके शिकार 184 लोग हुए थे। वहीं गृहमंत्रालय के ताजा आंकड़ों की बात करें तो 2017 में बंगाल में 509 राजनैतिक हिंसा की घटनाएं हुईं थीं और 2018 में यह आंकड़ा 1035 तक पहुंच गया था। इससे पहले 1997 में वामदल की सरकार के गृहमंत्री बुद्धदेब भट्टाचार्य ने बाकायदा विधानसभा में यह जानकारी दी थी कि वर्ष 1977 से 1996 तक पश्चिम बंगाल में 28,000 लोग राजनैतिक हिंसा में मारे गए थे। निसंदेह यह आंकड़े पश्चिम बंगाल की राजनीति का




कुत्सित चेहरा प्रस्तुत करते हैं। पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल का रक्तरंजित इतिहास उसकी ÷शोनार बंगला÷ की छवि जो कि रबिन्द्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसी महान विभूतियों की देन है उसे भी धूमिल कर रहा है। बंगाल की राजनीति वर्तमान में शायद अपने इतिहास के सबसे दयनीय दौर से गुज़र रही है जहाँ वामदलों की रक्तरंजित राजनीति को उखाड़ कर एक स्वच्छ राजनीति की शुरुआत के नाम पर जो तृणमूल सत्ता में आई थी आज सत्ता बचाने के लिए खुद उस पर रक्तपिपासु राजनीति करने के आरोप लग रहे हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ने के साथ ही राज्य में हिंसा के ये आंकड़े भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। चाहे वो भजपा के विभिन्न रोड़ शो के दौरान हिंसा की घटनाएं हों या उनकी परिवर्तन यात्रा को रोकने की कोशिश हो या फिर जेपी नड्डा के काफिले पर पथराव हो। यही कारण है कि चुनाव आयुक्त को कहना पड़ा कि बंगाल में जो परिस्थितियां बन रही हैं उससे यहाँ पर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करना चुनाव आयोग के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चुनाव आयोग इस बार 2019 के लोकसभा चुनावों की अपेक्षा 25 फीसदी अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने पर विचार कर रहा है। लेकिन इस चुनावी मौसम में बंगाल के राजनैतिक परिदृश्य पर घोटालों के बादल भी उभरने लगे हैं जो कितना बरसेंगे यह तो वक्त ही बताएगा लेकिन वर्तमान में उनकी गर्जना तो देश भर में सुनाई दे रही है। दरअसल केंद्रीय जाँच ब्यूरो ने राज्य में कोयला चोरी और अवैध खनन के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी संसद अभिषेक बैनर्जी की पत्नी रुजीरा बैनर्जी और उनकी साली को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। इससे कुछ दिन पहले शारदा चिटफंड घोटाला जिसमें देश के पूर्व वित्तमंत्री चिदम्बरम और खुद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर आरोप लगे थे।

# पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में बढ़ता आत्मविश्वास

**वर्तमान समय मे महिलाएं अब अबला नहीं रहीं है बल्कि बदलते वक्त के साथ सबला हो गयी है। शिक्षा हो या जॉब, राजनीति हो या अन्य कोई कार्य महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना दबदबा बनाकर रखा है। महिलाओं को कमजोर समझने वाला मानव समाज भी अब महिलाओं की कार्यकुशलता का लोहा मान चुका है। यह तो सर्वविदित है कि महिलाओं में पुरुष की अपेक्षा आत्मबल और इच्छाशक्ति दोगुनी होती है। अर्थात कोई भी महिला पुरुष की अपेक्षा अत्यधिक कार्य कर व संभाल सकती है। इस बदलते दौर में आज भी कुछ लोगों की मानसिकता में रूढ़िवादिता ने जगह बना रखी है, वे सोचते हैं कि महिलाओं को जॉब नहीं घर व परिवार की देखभाल करना चाहिए, जब कि यह सोच बहुत गलत है। आज की नारी पुरुषों के साथ हर एक क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। क्योंकि वह अपने अधिकारों के लिए लड़ना तथा आत्मनिर्भर बनना चाहती है। जॉब हमें सिर्फ रुपये पैसे ही नहीं देता है बल्कि, प्रगति के नए आयाम स्थापित करता है।**



आज के समय में महिलाओं की भूमिका पूर्ण रूप से बदल चुकी है। पुरुषों की अपेक्षा ज्यादातर महिलाएं उच्च शिक्षा हासिल कर रही है और जॉब के क्षेत्र में भी उनकी भागीदारी बढ़ने लगी है। शिक्षित महिलाओं का प्रत्येक परिवार में होना अत्यंत आवश्यक है क्योकि महिला का शिक्षित होना उसको स्वयं को ही नहीं अपितु पूरे परिवार को शिक्षित बनाता है, इसलिए हर महिला वर्ग को स्वशिक्षा पर ध्यान देना चाहिए । एक शिक्षित महिला अपने अंदर छिपी क्षमताओं को कभी भी विकसित कर सकती है। वर्तमान समाज को चाहिए कि वह धनवान हो या गरीब, शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार सभी वर्ग को समान मिलना चाहिए । एक सर्वे से पता चला है कि जॉब करने वाली महिलाएं घर पर रहने वाली महिलाओं की तुलना में ज्यादा उत्साहित व सकारात्मक रहती हैं। हर समस्या पर वे व्यावहारिक रुख अपनाती हैं और निर्णय लेने के मामले में मजबूत होती है। साथ ही जॉब करने वाली महिलाएं संघर्ष करने के मामले में आगे होती हैं। बहुत सी महिलाएं ऐसी भी देखी है जब उन्होनें पुरुषों से भी ज्यादा हिम्मत दिखाई है, ऐसे कई उदाहरण प्रायः देखने को मिलते है। यदि किसी बजह से उनकी जॉब छूट भी जाती है तो वे जल्द ही दूसरी जॉब ढूंढ लेती है। इसकी बजह है शिक्षा, क्योंकि शिक्षित महिलाएं अन्य घरेलू महिलाओं की अपेक्षा ज्यादा पॉजिटिव सोच रखती है। इसलिये आज के समय मे नारी शक्ति को पुरुष से कम नही आंकना चाहिए। नारी पड़ेगी तो विकास गड़ेगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश की सभी वीरांगनाओं को मेरा सलाम

**सरिता जैन मुरैना**
**पुष्पांजली टुडे**

## चिंतन मंथन

### जीवन और मृत्यु

चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारण थी कि आदमी के शरीर में नौ छेद होते हैं। उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है और उन्हीं से बाहर निकलता है। दो आंखें, दो नाक के छेद, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा। इसके साथ चार अंग हैं- दो हाथ और दो पैर। सब मिला कर तेरह। यही तेरह अंग जीवन के साथी हैं और मृत्यु के भी साथी हैं। यही तेरह जीवन में लाते हैं और यही जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते और चलते हो। यही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं और यही मृत्यु का भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे नाम आएगा, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा। हैरानी की बात है। यही तुम्हें संभालते हैं और यही मिटाएंगें। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है और भोजन की शक्ति से अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किये चले जाते हो। भोजन तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख, नाक, कान से जीवन की श्वास भीतर आती है। उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग। लाओत्से कहता है- तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही ले जाते हैं। अगर तुम सजग हो जाओ तो तुम चौदहवें हो। इन तेरह के पार हो। इस तेरह की संख्या के कारण चीन और फिर धीरे-धीरे सारी दुनिया में, तेरह का आंकड़ा अपशकुन हो गया। इस सुपरस्टीशन की पैदाइश चीन में हुई। अमेरिका में होटलों में तेरह नंबर का कमरा नहीं होता; तेरह नंबर की मंजिल भी नहीं होती। क्योंकि कोई तेरह नंबर पर ठहरने को राजी नहीं है। तेरह शब्द से ही घबराहट होती है। बारह नंबर के कमरे के बाद चौदह नंबर आता है। असल में होता तो वह तेरहवां ही है, लेकिन जो ठहरता है, उसे चौदह याद रहता है। तेरह की चिंता नही पकड़ती।

# बेहद शक्तिशाली, घातक और विध्वंसक है अर्जुन टैंक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गत दिनों देश का मुख्य स्वदेशी युद्धक टैंक 'अर्जुन मार्क-1ए' (एमके-1ए) चेन्नई में सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को सौंपते हुए राष्ट्र को समर्पित किया गया। सीमा पर दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए इस टैंक का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के 'लड़ाकू वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान' (सीवीआरडीई) द्वारा किया गया है। डीआरडीओ रक्षा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से कार्य कर रहा है। अत्याधुनिक क्षमता से लैस अर्जुन मार्क-1ए टैंक पूर्णतः स्वदेशी है, जिसकी डिजाइनिंग से लेकर डवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग तक का सारा काम देश में ही सम्पन्न हुआ है। भारतीय सेना अर्जुन श्रेणी के कई टैंकों का पहले से ही इस्तेमाल कर रही है। गौरतलब है कि टैंक निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत ने वर्ष 1972 में शुरुआत की थी लेकिन तीन दशकों तक इस क्षेत्र में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद आखिरकार भारत का स्वदेशी 'अर्जुन' टैंक परीक्षण में खरा उतरा। अर्जुन टैंक वर्ष 2004 में सेना में शामिल हुआ था और तब से अब तक इसमें कई बदलाव हो चुके हैं। अर्जुन टैंक को सेना में शामिल किए जाने के बाद सेना द्वारा इसके अपडेटेड वर्जन के लिए 72 तरह के सुधारों की मांग की गई थी, जिसके बाद डीआरडीओ द्वारा सेना के सुझावों को शामिल करते हुए नया 'हंटर किलर' टैंक अर्जुन मार्क-1ए तैयार किया गया। 'अर्जुन मार्क-1ए' अर्जुन टैंक का अद्यतन वर्जन है और पहले के वर्जन से ज्यादा अपग्रेडेड, शक्तिशाली, घातक और विध्वंसक है। अर्जुन टैंक दुनिया के बेहतरीन टैंकों में शामिल है और अब इसका अत्याधुनिक वर्जन भारतीय सेना में शामिल होने के बाद भारतीय सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। डीआरडीओ के वैज्ञानिक वी बालामुरगन के मुताबिक अर्जुन टैंक में कुल 71 बदलाव किए गए हैं, जिनमें 40 बड़े बदलाव हैं। अर्जुन मार्क-1ए आधुनिक युद्धक टैंक प्रौद्योगिकियों के साथ सुसज्जित है, जिसमें बेहतर मारक क्षमता, उच्च गतिशीलता, उत्कृष्ट सुरक्षा इत्यादि अनेक विशेषताएं हैं। स्वदेशी रूप से डिजाइन व निर्मित मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन एमके-1ए में स्वदेशी गोला-बारूद का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ द्वारा अर्जुन टैंक के नए संस्करणों की सप्लाई करने के लिए कुछ समय पूर्व सेना के साथ अनुबंध किया गया था।



भारतीय सेना के पास पहले से ही 124 अर्जुन टैंक हैं लेकिन वे परम्परागत तकनीक के टैंक हैं, जो पश्चिमी रेगिस्तान में तैनात हैं जबकि अर्जुन मार्क-1ए को आर्म्ड फाइटिंग व्हीकल क्षमता में देश की आत्मनिर्भरता के लिए विकसित किया गया है। बता दें कि वर्ष 2012 में ही 118 उन्नत अर्जुन टैंक खरीदने के लिए मंजूरी दे दी गई थी और रक्षा खरीद समिति ने वर्ष 2014 में इसके लिए 6600 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे लेकिन सेना द्वारा इसकी फायर क्षमता सहित कई अन्य सुधारों की मांग की गई थी। वर्ष 2015 में रूस के साथ 464 मध्यम वजन के टी-90 टैंक की खरीद के लिए 14 हजार करोड़ रुपये का सौदा किया गया था और डीआरडीओ द्वारा सेना की मांग के अनुरूप अर्जुन टैंक को उन्नत किए जाने के बाद 'अर्जुन मार्क-1ए' की खरीद को 2020 में हरी झंडी मिली। भारतीय सेना और डीआरडीओ द्वारा संयुक्त रूप से राजस्थान के सीमावर्ती जैसलमेर स्थित पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मार्च 2020 में देश में निर्मित उन्नत युद्धक टैंक अर्जुन मार्क-1ए का परीक्षण किया गया था, जो सभी मानकों पर खरा उतरा था लेकिन सेना द्वारा डीआरडीओ से इसमें कुछ और सुधार की मांग की गई थी। सेना के लिए 8400 करोड़ की कीमत पर 118 अर्जुन मार्क 1ए टैंक खरीदे गए हैं। अर्जुन टैंक का डिजाइन तैयार करने वाले रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) के चेयरमैन जी. सतीश रेड्डी के मुताबिक सेना को पांच टैंक ढ़ाई वर्ष के भीतर सौंप दिए जाएंगे। रेड्डी के अनुसार टैंक के नए संस्करण में जो 71 अतिरिक्त फीचर जोड़े गए हैं, वे इसे दुनिया के सभी श्रेष्ठ टैंकों के समकक्ष खड़ा करते हैं। दुनियाभर में सबसे ज्यादा 9150 टैंक चीन के पास हैं जबकि अमेरिका के पास 8325 और भारत के पास 3569 टैंक हैं। ऐसे में सेना को बेहद ताकतवर बनाने के लिए ऐसे अत्याधुनिक स्वदेशी टैंकों को सेना में शामिल किया जाना समय की बड़ी मांग है। इस टैंक के सेना का महत्वपूर्ण अंग बनने के बाद भारतीय सेना की जमीन पर मारक क्षमता को काफी मजबूती मिलेगी। अर्जुन मार्क-1ए साधारण अर्जुन टैंक से कई गुना ज्यादा ताकतवर है और तेजी से अपने लक्ष्य का पीछा कर सकता है। यह टैंक अपने लक्ष्य को ढूंढ़कर उस पर वार कर सकता है तथा इसमें आड़ लेकर हमला कर रहे दुश्मनों को तबाह करने की विलक्षण क्षमता है और इसी कारण इसे 'हंटर किलर टैंक' भी कहा जाता है। मारक और बचाव क्षमता के दृष्टिगत विश्वस्तरीय अर्जुन मार्क-1ए टैंक में मुख्य हथियार और सहायक हथियार, दोनों की भूमिका निभाने की क्षमता भी है। इस टैंक में विशेष सेंसर लगाए गए हैं, जो रासायनिक हमले से इसकी रक्षा कर सकते हैं। यही नहीं, टैंक पर ग्रेनेड और मिसाइलों से हमले का भी कोई असर नहीं होगा। भारतीय सेना की विशेष ताकत बना यह टैंक न सिर्फ लैंड माइंस को साफ करते हुए आसानी से आगे बढ़ सकता है बल्कि अपने लक्ष्य को स्वयं तलाश करने में भी सक्षम है। यह टैंक दिन-रात, हर प्रकार के मौसम अर्थात् हर समय अपने लक्ष्य पर अचूक और तेज गति से हमला कर सकता है और दुश्मन को खोजकर मार सकता है। उच्च कोटि के इंजन और बेहद दमदार ट्रांसमिशन सिस्टम से लैस इस टैंक का लचीला हाइपरन्यूमेटिक सस्पेंशन इसे बहुत घातक बना देता है। इसमें दुश्मन पर पहले वार करने, दौड़ते-भागते लक्ष्यों पर भी निशाना साधने और लगातार हिलने वाले लक्ष्यों पर अचूक निशाना लगाने की विलक्षण क्षमता है। युद्ध के दौरान कम से कम समय में दुश्मनों के हमलों का जवाब देने की क्षमता से लैस यह टैंक युद्ध में ज्यादा से ज्यादा दूरी तक दुश्मन के सैन्य साजो-सामान का विनाश कर सकता है। इसमें लगा उच्च गुणवत्ता का रनिंग गियर धमाके के समय भारी झटके को सीमित कर देता है। 68 टन वजनी और 58 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से दौड़ने में सक्षम इस टैंक में गन कंट्रोल सिस्टम और ट्रैक सिस्टम इंजन स्वदेशी हैं। इसमें 1200 एमएम की गन के अलावा 7.62 एमएम और ग्राउंड टार्गेट के लिए 12.7 एमएम की गन लगी है। रात में दुश्मन पर नजर रखने के लिए इसमें थर्मल इमेजिंग सिस्टम लगे हैं। इसके अलावा इसमें लगी एंटी एयरक्राफ्ट मशीनगन से जमीन से ही लड़ाकू हेलिकॉप्टर को मार गिराया जा सकेगा। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इस टैंक से मिसाइलें भी छोड़ी जा सकेंगी। टैंक में कमांडर, गनर, लोडर और चालक का क्रू होगा। 118 अर्जुन मार्क-1ए टैंकों की कुल दो रेजीमेंट बनेंगी और दोनों रेजीमेंट में 59-59 टैंक होंगे। सेना की दो टैंक रेजीमेंट के पुराने टैंक अर्जुन मार्क-1ए टैंकों से बदले जाएंगे।

## नारी का अंतर्मन

कुछ भी छिपा नहीं है ,
फिर भी कितनी गहराई
नारी के अंतर्मन को ये
दुनिया कब समझ पाई।।



करुणा प्रेम भरा नारी का मन
तब तब द्रवित हो उठता है
जब जब कोई निर्दय मानव
उसकी असमत को कुचलता हैं।।

संघर्ष बहुत कर सकती है नारी
दुनिया को भी बदल सकती है,
अपने अंतर्मन की शक्ति से वह
इतिहास नया लिख सकती है।।

बाल्यावस्था से ही नारी
अपनी भूमिका को समझती है
बेटी, बहन, और बहू बनकर
सारे रिश्ते खुद से गुथती है।।

कहां रहा स्वयं के लिए जीवन
सर्वस्व सभी पर लुटाया है,
आधार बनकर जब नारी ने
जीवन से अवगत कराया है।।

सबके लिए प्रेम भरा है
यह तुम तब समझ पाओगे
कठोर परिश्रम से भरा हुआ
मां का हृदय जब पाओगे।।

सेवा भाव से समर्पित है
कुंठित नहीं है जिसका मन
हर नारी के अंदर एक मां है
उसका ही है ये 卐 अंतर्मन 卐।।

**प्रतिभा दुबे (स्वतंत्र लेखिका)**
**मध्य प्रदेश (ग्वालियर)**
**पुष्पांजली टुडे**

# झुर्रियों और बारीक लकीरों का घरेलू उपचार

महिलाओं का चेहरा उनकी उम्र से ज्यादा बूढा दिखने लगता है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे, धूल मिट्टी, प्रदूषण, सूरज की तेज किरणे, अच्छे आहार की कमी, चेहरे की ठीक से केयर ना करना या फिर हार्मोन में गड़बड़ी आदि। चेहरे पर बारीक लकीरें और झुर्रियां उम्र के साथ साथ और बढ़ने लगती हैं।

इसे दूर करने के लिये महिलाएं तरह-तरह की क्रीम और लोशन लगाती हैं लेकिन कभी इस बात पर ध्यान नहीं देती कि उनके पास आयुर्वेदिक उपचार भी मौजूद है। आइये देखते हैं कि आप चेहरे की झुर्रियों और बारीक लकीरों का घरेलू उपचार से इलाज झुर्रियां मिटाने के आसान टिप्स रोजाना चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाएं एयर कंडीशनर और रूम हीटर त्वचा को रूखा बना देते हैं। इसलिये त्वचा पर भारी मॉइस्चराइजर लगाएं। अपने चेहरे और आंखों के आस पास की त्वचा को ना तो तेजी से रगड़े और ना ही खींचे क्योंकि यह त्वचा बहुत ही संवेदनशील होती है। तेज धूप में बाहर ना निकलें। हमेशा अपने साथ छाता रखें और चेहरे पर सन स्क्रीन लोशन लगाएं। धूम्रपान ना करें। धूम्रपान छोड़ने के आसान तरीके चने और सोया बीन्स का सेवन हमेशा करें।



खूब सारा दूध पियें। योगा और मेडीटेशन करें। घर पर झुर्रियों का बारीक लकीरों को हटाने के लिये घरेलू उपाय

अंडे की जर्दी को हफ्ते में एक बार चेहरे पर 10 मिनट के लिये लगाएं। शहद, जैतून तेल और मलाई लगाने से अच्छा रिजल्ट मिल सकता है।

हफ्ते में एक बार नरिशिंग मास्क लगाएं। खट्टे फल खाइये और झुर्रियां भगाइये दूध से तैयार फेस पैक 1. झुर्रियां उम्र के साथ साथ बढ़ती हैं इसलिये चेहरे को नमी देना बहुत जरुरी है। अपनी त्वचा को दूध से रोज मसाज दें, जिससे उसका रूखा पन खतम हो सके।

आयुर्वेद के हिसाब से हल्दी, मसूर दाल का आटा, दूध और पानी का मिश्रण बना कर चेहरे के लिये फेस पैक बनाएं। इसे कुछ-कुछ दिनों पर लगाने से चेहरे की एजिंग कम हो जाएगी।

हल्दी त्वचा पर ग्लो लाती है और चेहरे के दाग को मिटाती है।

4. आपको रोजाना दूध जरुर पीना चाहिये जिससे आपकी त्वचा अंदर से स्वस्थ रहे। दूध से हड्डी भी मजबूत रहती है और शरीर को बूढा होने से रोकता भी है।

# वैब जर्नलिज्म में ऐसे करे करियर की शुरुवात

**देश में बड़ी संख्या में समाचारपत्र तथा पत्रिकाएं छपती हैं । बदलती तकनीक की वजह से सूचना एवं समाचार की दुनिया में भी आमूलचूल परिवर्तन आया है । अब समाचारपत्रों के प्रकाशन में अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है । जब से इंटरनैट की दुनिया लोकप्रिय हुई है, दीन-दुनिया की खबरों को जानने के लिए इंटरनैट का खूब सहारा लिया जाने लगा है । इंटरनैट के आगमन तथा लोकप्रिय होने के बाद से इंटरनैट संबंधी पत्रकारिता यानी वैब जर्नलिज्म के क्षेत्र में भी तेजी से विकास हुआ है।**



अब अधिक से अधिक समाचारपत्र एवं पत्रिकाओं से लेकर टी.वी. न्यूज चैनल तक इंटरनैट पर उपलब्ध हैं। हर व्यक्ति तेजी से खबरें चाहता है। युवाओं की भी पसंद इंटरनैट बनता जा रहा है।पहले जहां इंटरनैट कम्प्यूटर तक सीमित था, वहीं नई तकनीकों से लैस मोबाइलों में भी इंटरनैट का चलन बढ़ता जा रहा है। किसी भी जगह कहीं भी इंटरनैट का इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में वैब जर्नलिज्म के क्षेत्र में करियर के व्यापक अवसर पैदा हुए हैं। दिनों-दिन समाचार, चैनलों व अखबारों की संख्या बढ़ती जा रही है। पत्रकारिता पहले जहां अखबारों, पुस्तकों में हुआ करती थी, वहीं इंटरनैट के बढ़ते प्रचलन के बीच वैब पत्रकारिता का जन्म हुआ। इंटरनैट पर समाचार पोर्टलों के लिए वैब पत्रकारिता में योग्य पत्रकारों की मांग बनी हुई है।

**योग्यता**

इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के पास सबसे पहले तो संबंधित भाषा पर मजबूत पकड़ होनी चाहिए। साथ ही उन्हें इंटरनैट सहित सभी जरूरी कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एवं तकनीकों का ज्ञान भी होना चाहिए। वैसे जर्नलिज्म के किसी भी क्षेत्र में कदम रखने से पहले मास कम्युनिकेशन या जर्नलिज्म में डिप्लोमा या डिग्री करना बेहतर होता है। इससे इस क्षेत्र में सफलता को काफी हद तक पक्का किया जा सकता है।

**सम्भावनाएं**

वैब पत्रकारिता के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने के बहुत अधिक अवसर हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए खबरों को समझ कर उन्हें प्रस्तुत करने की कला, तकनीकी ज्ञान, भाषा पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। न्यूज पोर्टल के रूप में स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली वैबसाइटों की संख्या फिलहाल भारत में अन्य कई देशों से कम है। ऐसी वैबसाइट्स की संख्या ज्यादा है जो अपने वैब पोर्टल के लिए सामग्री अपने चैनलों या अखबारों से लेती हैं परंतु वहां भी वैब जर्नलिस्ट्स या एडिटर्स की काफी जरूरत होती है। इनके अलावा स्वतंत्र न्यूज पोर्टल्स में भी वैब जर्नलिस्ट बनकर युवा करियर संवार सकते हैं।

**कार्य क्षेत्र**

जिस प्रकार अखबारों व पत्रिकाओं में खबरों का चयन, संपादन या लेखन होता है, यही



कार्य इंटरनैट पर किया जाता है। यहां इंटरनैट पोर्टल पर खबरें डालने के लिए उनका चयन, सम्पादन या जरूरत पडने् पर खबरें लिखने का काम किया जाता है। यहां कार्य में भी तेजी होनी चाहिए। खबर लिखकर उसका संपादन ही नहीं बल्कि लगातार उसे अपडेट भी करना पड़ता है। यह वैब पत्रकारिता का ही कमाल है कि आप दुनिया के किसी भी कोने में बैठकर किसी भी भाषा में किसी भी देश का अखबार या खबरें पढ़ सकते हैं।

**संस्थान**

मास कम्युनिकेशन या जर्नलिज्म में डिग्री या डिप्लोमा देश भर में स्थित अनेक कालेज एवं विश्वविद्यालयों में उपलब्ध हैं। कई संस्थानों में अब वैब जर्नलिज्म पर केंद्रित विशेष कोर्स भी करवाए जा रहे हैं।

# आयुर्वेदिक नुस्खों से ठीक हो जाते हैं बड़े-बड़े रोग

आयुर्वेद में ऐसे कई उपाय हैं जिनसे असाध्य रोगों जैसे डायबिटीज, मिर्गी, साइनस और अस्थमा आदि में आराम पाया जा सकता है। आइए जानते हैं ऐसे उपचारों के बारे में।

**डायबिटीज**

आम के 15 पत्ते एक गिलास पानी में उबालें फिर रातभर उन्हें ?से ही छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर खाली पेट पी लें। इसके अलावा रोज एक छोटे करेले का ज्यूस निकालकर पिएं। सुबह शाम मीठे नीम के 5-7 पत्ते चबाकर खाएं। रोजाना लहसुन खाने से भी डायबिटीज में आराम मिलता है।

**अस्थमा**

अस्थमा के रोगियों को एक गिलास गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीना चाहिए। अदरक का रस शहद के साथ लेने से लाभ होता है। एक चम्मच त्रिफला चूर्ण नींबू पानी के साथ लेने से राहत मिलती है। आयुर्वेद में कुछ चूर्ण इस रोग में लाभदायक होते हैं जैसे मुक्तादि चूर्ण, शट्यादि चूर्ण, सितोपलादि चूर्ण और तालीशादी चूर्ण आदि। साथ ही रोगी को धूल, धुएं व एलर्जन पार्टिकल्स से बचना चाहिए।



**जोड़ों का दर्द**

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं इससे अतिरिक्त यूरिक एसिड पेशाब के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाता है। रोजाना सुबह एलोवेरा का रस पीने से लाभ होता है। आधा किलो सरसों के तेल में 250 ग्राम कर्पूर मिलाकर एक शीशी में भर लें। इसे कुछ दिनों तक धूप में रखने के बाद दर्द वाली जगह पर तेल की मालिश करें।

**साइनस**

धूल, धुएं और एलर्जी से बचें, धूम्रपान से दूर रहें, रोजाना सुबह-शाम गुनगुने पानी के साथ लक्ष्मी विलास रस (नारदिय) की दो-दो गोलियां खाएं और रात को सोने से पहले षदबिंदु तेल दो-दो बूंद नाक में डालने से भी लाभ होगा। तुलसी, काली मिर्च और नमक की चाय लेने से साइनस में आराम मिलता है। मिर्गी की समस्या होने पर वैद्य की सलाह से लक्षणानुसार स्मृति सागर रस, सारस्वत चूर्ण, महापैशाचिक घृत, अश्वगंधारिष्ट आदि का सेवन करें।

# तुलसी से दूर होगी शादी, संतान और नौकरी की समस्याएं

तुलसी के पौधे को हिन्दू परम्परा में बहुत पूज्यनीय माना गया है. भारतीय परम्परा में तुलसी को प्राचीन समय से बहुत शुभ माना जाता है. इसे घर का वैद्य कहा गया है. इससे कई तरह की बीमारियां तो दूर होती ही है. साथ ही वास्तुशास्त्र के अनुसार भी इसे घर में रखने का विशेष महत्व माना गया है. तुलसी को घर में लगाने से कई तरह के वास्तुदोष दूर होते हैं. तुलसी के भी बहुत से प्रकार है. जिसमें जिसमें रक्त तुलसी, राम तुलसी, भू तुलसी, वन तुलसी, ज्ञान तुलसी, मुख्यरूप से विद्यमान है. तुलसी की इन सभी प्रजातियों के गुण अलग है.




- शरीर में नाक, कान वायु, कफ, ज्वर खांसी और दिल की बीमारियों पर खास प्रभाव डालती है. तुलसी वो पौधा है जो जीवन को सुखमय बनाने में सक्षम है. वास्तुदोष दूर करने के लिए इसे दक्षिण-पूर्व से लेकर उत्तर पश्चिम तक किसी भी खाली कोने में लगाया जा सकता है. यदि खाली स्थान ना हो तो गमले में भी तुलसी के पौधे को लगाया जा सकता है.
- तुलसी का पौधा किचन के पास रखने से घर के सदस्यों में आपसी सामंजस्य बढ़ता है. पूर्व दिशा में यदि खिड़की के पास रखा जाए तो आपकी संतान आपका कहना मानने लगेगी.
- अगर संतान बहुत ज्यादा जिद्दी और अपनी मर्यादा से बाहर है तो पूर्व दिशा में रखे तुलसी के पौधे के तीन पत्ते रोज उसे किसी ना किसी तरह खिला दें.
- यदि आपकी कन्या का विवाह नहीं हो रहा हो तो तुलसी के पौधे को दक्षिण-पूर्व में रखकर उसे नियमित रूप से जल अर्पण करें. इस उपाय से जल्द ही योग्य वर की प्राप्ति होगी.
- यदि आपका कारोबार ठीक से नहीं चल रहा है तो तुलसी के पौधे को नैऋत्य कोण में रखकर हर शुक्रवार को कच्चा दूध चढ़ाएं.
- नौकरी में यदि उच्चाधिकारी की वजह से परेशानी हो तो ऑफिस में जहां भी खाली जगह हो वहां पर सोमवार को तुलसी के सोलह बीज किसी सफेद कपड़े में बांधकर कोने में दबा दे. इससे आपके संबंध सुधरने लगेगें.

# केले के फायदे, आपको रखे फिट

केला, भारत में मिलने वाला आम फल है जो हर जगह, हर प्रांत में मिलता है। लेकिन अब से इसके छिलके फेंकने से पहले आप सोचेंगे कि इन्हे फेंका जाएं या नहीं। केले के छिलके में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व और कार्बोहाइड्रेट होते है। इसमें विटामिन बी - 6, बी - 12, मैग्नीशियम और कार्बोहाइड्रेट होता है। इसमें सुगर की मात्रा भी काफी ज्यादा होती है। तो जानिए केले के छिलकों के अनोखे लाभ = केले के छिलकों के 10 कमाल के लाभ

1. **दांत चमक जाते है=** केले के छिलके को हर दिन दांत में रगड़ने से उनमें चमक आ जाती है।
2. **मस्सा हटाएं=** इसे आप पैरों या हाथों में निकले वार्ट्स पर लगा सकते हैं। आपको केवल केले के छिलके को उस जगह पर रगड़ना होगा और रातभर ऐसे ही छोड़ देना होगा। इससे दुबारा उस जगह पर वार्ट्स नहीं निकलेंगे।
3. **खाएं=** केले के छिलकों को खाया भी जा सकता है। भारतीय व्यंजनों में इन्हे पकाने की कई विधियां लिखी हुई है। टेंडर चिकेन बनाने में भी इनका उपयोग होता है।
4. **मुहांसे=** केले के छिलके को चेहरे और बॉडी में हर दिन पांच मिनट लगाने से मुंहासे दूर हो जाते है। इसके छिलकों का पेस्ट बनाकर भी लगा सकते है।



5. **रिंकल=** केले के छिलके स्कीन को हाइड्रेट करते है। अंडे की जर्दी में केले के छिलके को मिलाकर चेहरे पर लगाएं, इससे झुर्रियां भाग जाएगी। इस पेस्ट को चेहरे पर 5 मिनट के लिए लगाना होता है। 5 मिनट बाद धो लें
6. **दर्द से राहत मिलती है=** जिस जगह पर भी बॉडी में दर्द होता हों, वहां केले के छिलके लगाने से आराम मिलती है। इसे लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें, इससे भंयकर दर्द में भी राहत मिलती है। सब्जी ऑयल में इसे घिसकर लगाने से भी आराम मिलता है।
7. **सोराईसिस=** सोराईसिस होने पर केले के छिलकों को पीसकर लगाएं, इससे दाग भी चले जाएंगे और आराम मिलेगा।
8. **कीड़े के काटने पर=** अगर किसी कीड़े ने काट लिया हो, तो उस स्थान पर केले के छिलके को पीसकर लगा लें, इससे आराम मिलता है।
9. शू, लेदर, सिल्वर पर पॉलिश का काम करता है= केले के छिलके को शू, लेदर और सिल्वर पर लगाने से उसमें चमक आ जाती है।
10. **अल्ट्रा वॉयलेट किरणों से बचाव=** केले का छिलका आखों की यूवी किरणों से रक्षा करता है। आंखों पर केले के छिलके को थोड़ी देर के लिए रख लें। इससे राहत मिलेगी।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में मुख्यमंत्री चौहान ने किया 'बानगी' का विमोचन

## जनजातीय विरासत और विकास पर केंद्रित पुस्तिका की प्रथम प्रति राष्ट्रपति को भेंट



**भोपाल।** राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने दमोह में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में जनजातीय कार्य विभाग के प्रकाशन %बानगी% का विमोचन किया। %बानगी% पुस्तिका मध्यप्रदेश की जनजातीय विरासत, विकास और सफल गाथाओं पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विमोचन के बाद पुस्तक की प्रथम प्रति राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द को भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद पटेल और केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जनजाति और अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह, नगरीय विकास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह सहित विधायकगण, प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन गोविल, संचालक टीएडीपी सुश्री शैलबाला मार्टिन अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय के लोग मौजूद थे। जनजातीय परिदृश्य, विरासत, विकास, संस्कृति और सफलता की कहानियों पर केन्द्रित पुस्तिका %बानगी% में जनजातीय विरासत और प्रगति के विभिन्न आयामों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया है। मध्यप्रदेश में जनजातीय विकास को रेखांकित करती %बानगी% पुस्तक की संकल्पना और सम्पादन विभाग की अधिकारी डॉ. स्वाति तिवारी ने किया है। चार खण्ड में विभाजित इस पुस्तक के प्रथम खण्ड में जनजातीय संस्कृति और परम्परा, जनजातीय विकास, अवधारणा, आयाम एवं क्षेत्रीय विकास योजनाओं को दर्शाया गया है। द्वितीय खण्ड में विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रित सफलता की 40 कहानियाँ हैं। तृतीय खण्ड में अभिनव पहल के रूप में अनूठी योजनाओं की बात रखते हुये उनकी सफलता पर केन्द्रित 11 गतिविधियों को रेखांकित किया गया है।चतुर्थ खण्ड में जनजातीय अभिव्यक्ति की समृद्ध परम्पराओं में शामिल वाचक साहित्य, नृत्य, पर्व, कला एवं संग्रहालयों इत्यादि से संबंधित संक्षिप्त है। सवा सौ पृष्ठ में जनजातीय संस्कृति, विकास की चित्रमय बानगी है।

# रीवा पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का हुआ ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत

## विंध्य के विकास के लिए हूं सदैव समर्पित - गौतम



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को पहली बार अपने गृह जिला रीवा पहुंचने पर उनका ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एनसीसी परेड ग्राउंड पर आयोजित स्वागत समारोह को संबाधित करते हुए अध्यक्ष श्री गौतम ने कहा कि वे विंध्य के विकास और यहां जन-जन के कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि यह अंचल विकास की दौड़ में सबसे आगे पहुंचे और यहां की समस्याएं समाप्त हों। श्री गौतम शनिवार प्रात~10 बजे राजकीय विमान से भोपाल से प्रस्थान कर रीवा में चुरहटा हवाई पट्टी पहुंचे। उनके साथ प्रदेश भाजपा महामंत्री एवम चुरहट विधायक शरदेंदु तिवारी, गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह, मनगंवा विधायक पंचुलाल प्रजापति भी थे। हवाई पट्टी पर पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेंद्र शुक्ला रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी, मऊगंज के विधायक प्रदीप पटेल ,भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पांडेय, भाजपा ज़िला अध्यक्ष रीवा तथा जिला एवं पंचायतों प्रतिनिध के साथ ही स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारयों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने आत्मीय स्वागत किया। चुरहटा हवाई पट्टी से श्री गौतम अपने समर्थकों के साथ सैंकड़ो वाहनों के काफिले में जय स्तंभ, प्रकाश चौराहा, शिल्पी प्लाज़ा, कॉलेज चौराहा होते हुए एनसीसी ग्राउंड पहुंचें। मार्ग में स्थान-स्थान पर श्री गौतम का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। श्री गौतम ने जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी के महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण भी किया। एनसीसी ग्राउंड पर जिला पंचायत के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री गौतम का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इसमें स्थानीय सांसद,छह विधायकविधानसभा के विधायक, प्रदेश भाजपा महामंत्री एवम विधायक चुरहट तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष मिश्रा सहित पदाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ राजनेता, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री गौतम ने सर्वप्रथम अपने माता-पिता का पुण्य स्मरण किया। मुझे इस राजनीतिक ऊचाई पर पहुंचाने में श्रेय इस अंचल की जनता को है, जिन्होंने सदैव मेरा सहयोग एवं मार्गदर्शन किया। राजनीतिक संघर्ष में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं का स्नेह मिला है। श्री गौतम ने शनिवार को गुढ विधानसभा के रायपुर कर्चुलियान में भी सभा को संबोधित किया । श्री गौतम ने यहाँ अपने सम्बोधन में कह की हमारे प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गाँव, गरीब और किसानों के जीवन स्तर को सुधारने के दिशा मे एतिहसिक कदम उठाए गए हैं।

## चौथी बार हो रहा है सामूहिक ऋण वितरण

# मुख्यमंत्री स्व-सहायता समूहों को वितरित करेंगे दो सौ करोड़ रूपये का ऋण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को लगभग 200 करोड़ रूपये बैंक ऋण वितरित करेंगे। मोतीलाल नेहरू स?टेडियम में आयोजित होने वाले इस मुख?य समारोह में लगभग 6 हजार से अधिक स?वङ्कसहायता समूह सदस?य महिलाएँ भाग लेंगी। प्रदेश के समस?त जिलों में ग्राम पंचायत स?तर पर समूह सदस?य कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होंगे। मुख?यमंत्री श्री चौहान द्वारा इससे पहले भी वर्चुअल कार्यक्रमों में तीन बार सामूहिक ऋण वितरण स्व-सहायता समूहों को किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान कुछ जिलों के समूह सदस?यों से वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से सीधा संवाद भी करेंगे। समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन?द्र सिंह सिसौदिया एवं राज?य मंत्री रामखेलावन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कोरोना काल में ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिये लॉकडाउन के समय से लगातार वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस मिशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत निर्धन परिवारों की महिला सदस्यों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनका सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। आमतौर पर देखने में आता है कि ग्रामीण क्षेत्र में लोग बैंकिंग सेवाओं की प्रक्रियाओं में दस्तावेजीकरण व अन्य औपचारिकताओं की कठिनाई के कारण पात्र होने के बावजूद विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। राज्य सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को और सरल करने के उद्देश्य से बैंकों के साथ भी व्यापक स्तर पर समन्वय स्थापित कर स्व-सहायता समूहों के लिये पर्याप्त बैंक ऋण आसानी से उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में 20 सितम्बर, 23 नवम्बर 2020 और 8 जनवरी 2021 को मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण वितरित किया जा चुका है। समूहों के बैंक ऋण प्रकरण सॉफ्टवेयर के जरिये प्रस्तुत करने के साथ सघन निगरानी एवं पारदर्शी प्रक्रिया बनाई गई है। वर्ष 2019-20 में समूहों का वार्षिक बैंक ऋण वितरण का लक्ष्य 500 करोड़ रूपये था। 31 मार्च 2020 तक कुल 302 करोड़ का वितरण 44 हजार से अधिक समूहों को किया गया था। वर्ष 2020-21 में समूहों का वार्षिक बैंक ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाकर 1400 करोड़ रूपये से अधिक किया गया है। इसमें से अभी तक 1215 करोड़ रूपये का वितरण 90 हजार से अधिक समूहों को किया जा चुका है। स्व-सहायता समूहों को ऑन लाइन प्रकरण प्रस?तुत करने एवं स?वीकृत करने में मध?यप्रदेश देश में प्रथम स?थान पर है। अब तक आजीविका मिशन के माध्यम से 36 लाख 53 हजार से अधिक ग्रामीण निर्धन परिवारों को 3 लाख 22 हजार से अधिक स्व-सहायता समूहों से जोड़कर 2616 करोड़ रुपये बैंक ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

## विधायक की बर्थडे पार्टी में चली गोलियां, दो की मौत

**भोपाल ।** दमोह जिले के जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह की जन्मदिन की पार्टी में गोली चलने से दो लोगों की मौत हो गई। नोहटा थाना क्षेत्र में वनवार चौकी खेर माता मंदिर के पास पार्टी चल रही थी। अभी तक गोली चलाने वालों का नाम तय नहीं हो पाया है। घटना के बाद पुलिस की ओर से बताया जा रहा है कि गोली चली उस समय विधायक मौजूद नहीं थे। जानकारी के अनुसार जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिह लोधी की जन्मदिन पार्टी का आयोजन कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्राम बनवार में रखा गया था। जिसमे विधायक भी शामिल हुए। पार्टी खत्म होने के बाद विधायक वहां से निकल गए। इसके कुछ घंटों बाद अरविंद जैन के द्वारा कल्याण सिंह उर्फ (कलु) ठाकुर को गालियां दी जा रही थी।

# सालाना 10 करोड़ सुविधा शुल्क चुका रहा भोपाल दुग्ध संघ

**श्रमिक सप्लाई के नाम पर फर्म को दे रहे उक्त राशि**

**भोपाल।** भोपाल सहकारी दुग्ध संघ बेवजह सालाना दस करोड अस्सी लाख रुपए खर्च कर रहा है। दुग्ध संघ यह राशि श्रमिक सप्लाई के नाम पर एक फर्म को भुगतान कर रहा है। दुग्ध संघ द्वारा यह राशि मेसर्स गोपाल विश्वास लेबर कांट्रेक्टर नामक फर्म को दी जा रही है। फर्म संघ में 1100 से अधिक ठेका श्रमिक सप्लाई करती है। जिसे संघ सुविधा शुल्क के नाम पर यह राशि दे रहा है। संघ खुद श्रमिकों से काम लेने लगे तो सालाना 10 करोड़ 80 लाख रुपये की सीधी बचत होगी। महंगाई के दौर में इस राशि का फायदा सांची दूध व उत्पादों की कीमत कम करके उपभोक्ताओं को दी जा सकती है। साथ ही किसानों से खरीदे जाने वाली दूध की कीमत बढ़ाकर उन्हें भी राहत पहुंचाई जा सकती है। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ रोजाना तीन लाख लीटर से अधिक दूध का कारोबार करता है। इसके लिए 1100 से अधिक ठेका श्रमिकों की सेवाएं ली जा रही है। संघ इन श्रमिकों को हर माह 80 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपये तक का मानदेय भुगतान करता है। यह राशि पहले निजी फर्म को दी जाती है और निजी फर्म उक्त राशि को श्रमिकों को भुगतान करता है। इसके बदले फर्म को सुविधा शुल्क का भुगतान संघ कर रहा है। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने शुरूआत में फर्म से कुछ सालों के लिए अनुबंध किया था जो खत्म होने के बाद दोबारा ठेका दे दिया गया। साल 2018 में ठेका खत्म हो चुका है। अब उसे हर माह बढ़ाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि निजी फर्म ने रजिस्ट्रार को-आप्रेटिव सोसायटी से स्थगन लाया है जिसे खारिज करने के लिए भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने भोपाल संभागायुक्त कवींद्र कियावत के निर्देशन में प्रक्रिया शुरू कर दी है। संघ चाहता तो पूर्व में भी स्टे को खारिज करने के लिए उपरी अदालत जा सकता था जो कि नहीं गया। इंदौर, उज्जैन समेत दूसरे संघों में ठेका श्रमिक सप्लाई करने वाली फर्म को सुविधा शुल्क नाम मात्र का दिया जा रहा है। वहीं भोपाल संघ मनमर्जी से करोड़ रुपये भुगतान कर रहा है। सूत्रों की माने तो निजी फर्म कुछ ठेका श्रमिकों को तय मानदेय से कम राशि भुगतान करती है।

## शादियों में शराब का उपयोग नहीं करेंगे आदिवासी

**नियम तोड़ा तो 50 हजार रुपये जुर्माना**

**भोपाल।** झाबुआ-आलीराजपुर जैसे आदिवासी बहुल जिलों में कई दशकों से चली आ रही कुप्रथाओं के खिलाफ अब समाज ही खड़ा होने लगा है। अब समाजजन ही आगे आकर शादी में शराब परोसने की बुरी प्रथा को बंद करवा रहे हैं। झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील के 12 गांवों में यह निर्णय लिया गया है कि कोई भी आदिवासी परिवार अपने यहां होने वाली शादी में शराब और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करेगा। ऐसा करने वालों पर 50 हजार रुपये के जुर्माने का भी प्रविधान किया गया है। आदिवासी शादियों में भोज के साथ शराब भी अनिवार्य रूप से परोसी जाती है। मालवा-निमाड़ के कुछ जिलों के साथ मध्य प्रदेश की सीमा से सटे गुजरात के इलाकों में यह कुप्रथा प्रचलित है। मेहनत-मजदूरी करने वाला आदिवासी समुदाय शराब से आवभगत करने के लिए या तो कर्ज लेता है या फिर चांदी के आभूषण और जमीन आदि गिरवी रखता है। कर्ज चुकाने के लिए पूरा परिवार कई वर्षों तक मजदूरी करता रहता है। बीते सालों में कई संगठनों ने आदिवासी समाज को इस कुप्रथा से मुक्त करने के लिए प्रयास किए लेकिन सफलता कम मिली। समाज के कुछ जागरूक युवा जिले के अन्य क्षेत्र के आदिवासियों को भी इसके लिए एकजुट कर रहे हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र पेटलावद के 12 गांवों में बीते दिनों सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाने के लिए रखी गई ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर शादी में डीजे, शराब आदि पर पाबंदी लगा दी गई है।

# कोरोना रिर्टन को लेकर सीएम के निर्देश पर प्रशासन जुटा नाईट कर्फ्यू की तैयारी में

## कांग्रेस ने कहा कोरोना कादर खॉन है क्या जिसे रात मे दिखता नहीं है



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर कोरोना के बढते सक्रंमण को देखते हुए सीएम शिवराज चोहान के निर्देश को देखते हुए प्रशासन जहॉ नाईट कर्फ्यू की तैयारिया को अंतिम रुप दे रहा है, वही कांगेस विधायक ओर पूर्वे मंत्री पीसी शर्मा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि है कि ÷कोरोना कादर खॉन है, क्या जिसे रात मे दिखता नहीं है÷। गौरतलब है कि प्रदेश में एक बार फिर कोरोना मरीजों की संख्या बढ रही है। एक तरफ जहां इंदौर में 24 घंटे में 173 और भोपाल में 104 नए मरीज मिले वही प्रदेश में कोरोना के 467 नए केस आए हैं। अगर ऐसे ही कोरोना केस बढते रहे तो 8 मार्च से प्रदेश में नाइट कर्फ्यू का लगना करीब करीब तय माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार शाम सीएम शिवराज ने संकेत दिए थे, कि अगर भोपाल, इंदौर में कोरोना के मरीज कम नहीं हुए तो नाइट कर्फ्यू लगाया जाएगा। प्रदेश में हर दिन कोरोना मरीजों के आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसे देखते हुए प्रशासन ने नाईट कर्फ्यू की तैयारी पूरी कर ली है। वहीं मंत्री विश्वास सारंग ने भी नाइट कर्फ्यू को लेकर ट्वीट कर कहा है, कि इंदौर में 6 कोरोना रोगियों में यूके स्टेन का पता चला है। कोरोना के मामलों में वृद्धि जारी रहने पर सरकार इंदौर और भोपाल में नाईट कर्फ्यू लगाने पर विचार कर सकती है। प्रशासनिक सुत्रो की मानी जाये तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा इंदौर में कोरोना के प्रकरणों में लगातार वृद्धि होने पर मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग पर सख्ती किये जाने के साथ ही अगले 3 दिन में कोरोना के प्रकरणों में गिरावट नहीं आने पर 8 मार्च से भोपाल और इंदौर में नाईट कर्फ्यू लगाये जाने की बात कहने के बाद ही इसकी तैयारी शुरु कर दी गई थी, जो लगभग पूरी कर ली गई है। वहीं सरकार के इस फैसले पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए तंज कसा है। कांग्रेस ने कोरोना के रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों को कमतर बताते हुए भाजपा सरकार की पर जमकर हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है,कि सरकार ने कोरोना काल में खुद के कार्यक्रमो को लेकर पहले लापरवाही बरती ओर इसी कारण प्रदेश में एक बार फिर मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि सरकार ने कोरोना महामारी रोकने के लिए पूरी तरह उपाय नहीं किए। अब रात में कर्फ्यू लगाने से कुछ नहीं होगा। शर्मा ने कहा कि कोरोना क्या कादर खान है, जो उसे रात में दिखाई नहीं देगा। गोरतलब है कि बोल राधा बोल नामक फिल्म में कादर खान ने हास्य किरदार निभाया था, जिसमे उन्हे दिन मे सुनाई नही देता था, ओर रात को दिखाई नहीं देता था। उनका यह रोल काफी मजेदार ओर मशहूर रहा है। इसी का उदाहरण देते हुए पीसी शर्मा ने भाजपा पर तंज कसा है।



## ऋषभ से प्रभावित हुए रुट, कहा इस बल्लेबाज पर अंकुश लगाना कठिन

**अहमदाबाद ।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड के कप्तान जो रुट भी बेहद प्रभावित हुए हैं। रुट ने कहा है कि ऋषभ की बल्लेबाजी पर अंकुश लगाना बेहद कठिन है। ऋषभ ने अंतिम टेस्ट मैच में कठिन हालातों में शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इससे पहले भी उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों में शानदार बल्लेबाजी की थी। ऋषभ ने सीरीज में कई अवसरों पर टीम के लिए रन बनाये। रूट ने कहा कि ऋषभ को रोके रखना बहुत मुश्किल है। वो जिस अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं उसमें गेंदबाजों के लिए उन पर दबाव बनाना आसान नहीं होता। उन्होंने जेम्स एंडरसन जैसे शीर्ष स्तर के तेज गेंदबाज पर रिवर्स स्वीप शॉट खेलकर दिखाया है कि वह किसी भी गेंदबाज का सामना कर सकते हैं। 600 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज पर इस प्रकार का शॉट खेलना काबिलियत के साथ ही साहस का भी उदाहरण है।

# अश्विन ने हरभजन और कुंबले को इस मामले में पीछे छोड़ा

### दूसरी बार एक सीरीज में 30 या उससे अधिक विकेट लिए

**अहमदाबाद ।** टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के साथ सीरीज में अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर साबित किया है कि क्यों उन्हें भारत का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कहा जाता है। अपने प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का रिकार्ड हासिल करने के साथ ही अश्विन ने सीरीज में गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी अहम भूमिका निभाते हुए एक शतक भी लगाया। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में उन्होंने 22.5 ओवर में 47 रन पर पांच विकेट लिए। अश्विन ने अपने करियर में 30 बार एक पारी में पांच विकेट लेने का यह रिकार्ड भी इसी टेस्ट में किया। इसके साथ ही उन्होंने पूरी सीरीज में 32 विकेट लिए। यह दूसरी बार है



जब अपने करियर में एक सीरीज में 30 या उससे अधिक विकेट लिए हैं। ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय गेंदबाज हैं। यह रिकॉर्ड दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह और अनिल कुंबले भी नहीं बना पाये हैं। अश्विन ने चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज डेनियल लॉरेंस को बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी समेट दी। इसके साथ ही भारतीय टीम ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में बना बनायी। इसके साथ ही अश्विन के अपने टेस्ट करियर में विकेटों की संख्या 400 के ऊपर पहुंच गयी है। अश्विन अब टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में चौथे नंबर पर पहुंच गये हैं। उनसे आगे हरभजन सिंह, कपिल देव और अनिल कुंबले ही हैं। अश्विन ने इस टेस्ट सीरीज में अपने चेन्नई के घरेलू मैदान में एक शानदार शतक भी लगाया था। यह उनके करियर का पांचवा टेस्ट शतक था।



## आईसीसी का अप्रैल 2023 तक के लिए आईएमजी से करार : साहनी

**दुबई ।** आगामी तीन विश्व कप के 541 मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईएमजी से करार किया है। आईसीसी ने कहा कि यह समझौता अप्रैल 2023 तक के लिये किया गया है जिसमें तीन विश्व कप (पुरूष टी20 विश्व कप 2022, पुरूष विश्व कप 2023 और महिला टी20 विश्व कप 2023) के सभी क्वालीफाइंग मैच शामिल होंगे। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी मनु साहनी ने कहा ,'' क्रिकेटप्रेमियों को और क्रिकेट की सौगात देने के लिये आईएमजी के साथ यह करार करके हम बेहद खुश हैं।'' उन्होंने कहा ,'' हमारे खेल को आगे ले जाने और वैश्विक प्लेटफॉर्म बढाने के लिये यह एक बड़ा कदम है।'' इसमें कहा गया ,'' 541 मैचों में से 145 महिला मैच और 80 एसोसिएट सदस्यों के मैच होंगे। भूटान, बोत्स्वावा, कैमरन, फ्रांस, मालावी, म्यामां, फिलीपीन और तुर्की की टीमें महिला टी20 विश्व कप में पहली बार भाग लेंगी। गौरतल है कि पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के वैश्विक कवरेज का लाभ 50 से अधिक एसोसिएट सदस्यों को भी मिलेगा।

# अश्विन और अक्षर के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने इंग्लैंड को एक पारी और 25 रनों से हराया

### विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंची, मैन ऑफ द मैच : ऋषभ , मैन ऑफ द सीरीज : अश्विन



**अहमदाबाद।** भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की शानदार गेंदबाजी के सामने एक बार फिर मेहमान टीम इंग्लैंड ढ़ेर हो गयी। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन ही इंग्लैंड की टीम को एक पारी और 25 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 3-1 से सीरीज जीतने के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया है। अक्षर और अश्विन ने 5-5 विकेट लेकर इंग्लैंड टीम को कोई अवसर नहीं दिया। मेहमान टीम को पारी की हार से बचने के लिए 160 रन बनाने थे पर उसकी टीम दूसरे पारी में केवल 135 रनों पर ही आउट हो गयी। इस मैच में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के शानदार शतक और वाशिंगटन सुंदर के 96 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 365 रन बनाकर 160 रन की बढ़त ली थी। वहीं टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड टीम पहली पारी में 205 रनों पर ही आउट हो गयी थी। इसके बाद दूसरी पारी में मेहमानों की हालत और खराब हो गयी। कप्तान जो रूट 30 रनों और डेन लौरेंस 50 के अलावा कोई भी अश्विन और अक्षर के सामने टिक नहीं पाया। डोम सिबली 3 , जैक क्राउली 5 रनों पर ही आउट हो गये। जॉनी बेयरस्टॉ के साथ ही ऑलराउंडर बेन स्टोक्स खाता भी नहीं खोल पाये। केवल चार बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। लौरेंस ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम की पारी का आकर्षण ऋषभ के शतक के अलावा सुंदर की 96 रनों की पारी रही। सुंदर ने 174 गेंद में नाबाद 96 रन बनाए पर आखिरी तीन विकेट जल्दी गिरने से वह शतक पूरा नहीं कर पाये। सुंदर की अक्षर पटेल के साथ आठवें विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी हुई। अक्षर ने 97 गेंद में 43 रन बनाये। सुंदर ने अपनी पारी में दस चौके और एक छक्का लगाया जबकि अक्षर ने पांच चौके और एक छक्का जड़ा। दोनों बल्लेबाजों ने लगातार रन बनकार विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बढाना जारी रखा। इंग्लैंड की ओर से स्टोक्स ने चार जबकि जेम्स एंडरसन ने तीन विकेट लिए।



## टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बने फिंच

**वेलिंगन ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ स्काई स्टेडियम में खेले जा रहे चौथे टी20 इंटरनेशनल मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। फिंच टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इसी के साथ ही वह टी20 इंटरनेशनल्स में 100 छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। वह टी20 इंटरनेशनल्स में 100 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। टी20 इंटरनेशनल्स में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वालों में न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने 135 छक्के लगाए हैं और वह इस मामले में पहले स्थान पर हैं। इसके बाद दूसरे नम्बर पर रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने अभी तक 127 छक्के लगाए हैं। तीसरे नम्बर पर ईयोन मोर्गन हैं जिनके नाम 113 छक्के हैं। चौथे और पांचवें नम्बर पर न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो (107 सिक्स) और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (105 सिक्स) हैं।

# रहाणे की बल्लेबाजी उम्मीद के अनुरुप नहीं : मांजरेकर

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने टेस्ट टीम के उपकप्तान आजिंक्य रहाणे की बल्लेबाजी पर नाराजगी व्यक्त की है। मांजरेकर ने कहा है कि मांजरेकर की बल्लेबाजी उम्मीद के अनुरुप नहीं है। उन्होंने कहा कि इन दिनों रहाणे की बल्लेबाजी टीम को वैसी सुरक्षा नहीं देती है, जिसकी टीम को उनसे उम्मीद रहती है। रहाणे इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट की पहली पारी में 27 रन बनाकर आउट हो गए थे। मांजरेकर ने कहा कि रहाणे में आत्मविश्वास की कमी नजर आ रही है। हाल के दिनों में मैं जब भी उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखता हूं तो मुझे ये नजर आता कि एक बल्लेबाज के तौर पर उनका आत्मविश्वास कमजोर है और वह अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से उनकी बल्लेबाजी में ये कमी नजर आ रही है। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में रहाणे आक्रामक सोच के साथ बल्लेबाजी करने उतरे थे। वो पिछले तीन-चार सालों से इसी अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं। कई बार ऐसा हुआ है, जब



उन्होंने ये सभी शॉट खेले हैं। हालांकि, अहमदाबाद टेस्ट के दूसरे दिन उन्होंने कई शॉट्स ऐसे खेले जिसमें वो पूरी तरह नियंत्रण में नजर नहीं आए। ये बात सही है कि उन्होंने 27 रन तेजी से बनाए लेकिन ड्रेसिंग रूम में बैठेकर उनकी बल्लेबाजी देख रहे खिलाड़ियों को उनकी इस पारी से आत्मविश्वास नहीं मिला होगा। रहाणे पहली पारी में 45 गेंद पर 27 रन बनाकर आउट हुए थे। उन्हें जेम्स एंडरसन ने अपनी बाहर जाती गेंद पर सेकेंड स्लिप में खड़े बेन स्टोक्स के हाथों कैच करवाया। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के मेलबर्न टेस्ट में 112 रन की मैच जिताने वाली पारी खेलने के बाद से ही रहाणे का बल्ला खामोश है। वो बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं।

## वाहनों की आगे की सीट के लिए एयरबैग अनिवार्य



**नई दिल्ली ।** सरकार ने वाहनों की आगे की सीट के यात्रियों के लिए एयरबैग अनिवार्य कर दिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि एयरबैग के अनिवार्य प्रावधान के संबंध में गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। वाहनों में आगे चालक की सीट के साथ बैठने वाले यात्रियों के लिए एयरबैग को अनिवार्य करने के संबंध में गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय है। उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा पर समिति ने इसके बारे में सुझाव दिया था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल, 2021 के पहले दिन या उसके बाद विनिर्मित नए वाहनों में आगे की सीट के लिए एयरबैग जरूरी होगा। वहीं पुराने वाहनों के संदर्भ में 31 अगस्त, 2021 से मौजूदा मॉडलों में आगे की चालक की सीट के साथ एयरबैग लगाना अनिवार्य होगा। इस कदम से दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

### सैमसंग गैलैक्सी ए82 जल्द कर सकता है मार्केट में एंट्री, गीकबेंच पर हुआ लिस्ट

**नई दिल्ली।** सैमसंग अपनी पॉप्युलर गैलेक्सी ए सीरीज के तहत एक नया स्मार्टफोन गैलैक्सी ए82 लॉन्च करने वाला है। हाल में इस फोन को बेंचमार्किंग प्लैटफॉर्म गीकबेंच पर स्पॉट किया गया है। लिस्टिंग के अनुसार फोन में दो साल पहले लॉन्च हुआ स्नैपड्रैगन 855 प्रोसेसर दिया गया है। फोन को गीकबेंच पर सबसे अंकित नाम के एक ट्विटर यूजर ने देखा। गीकबेंच लिस्टिंग के अनुसार फोन का मॉडल नंबर (एसएम-ए826एस) है। सिंगल-कोर टेस्ट में इस फोन को 757 और मल्टी-कोर टेस्ट में 2678 अंक मिले। गीकबेंच के अनुसार यह फोन ऐंड्रॉयड 11 ओएस पर काम करेगा और इसमें कोडनेम का मदरबोर्ड लगा है। फोन 6जीबी रैम से लैस है। कंपनी इस फोन कब और किन मार्केट में लॉन्च करेगी, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। हालांकि, माना जा रहा है कि इस फोन में गैलेक्सी ए80 की तरह खास मेकनिकज्म वाला कैमरा सेटअप मिल सकता है।

# नई प्लेटिना 110 को एबीएस फीचर के साथ लांच

**नई दिल्ली ।** बजाज ऑटो ने अपनी नई प्लेटिना 110 को एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) फीचर के साथ भारत में लांच कर दिया है। यहां ध्यान देना जरूरी है कि यह इस सेगमेंट में एकमात्र ऐसी बाइक है, जिसमें एबीएस फीचर मिलता है। कंपनी ने बजाज प्लेटिना 110 एबीएस को 65,920 रुपये की एक्स-शोरूम कीमत में लांच किया है। नई बजाज प्लेटिना 110 के फ्रंट में 240 मिलीमीटर का डिस्क ब्रेक दिया गया है। कंपनी का दावा है कि यह इस सेगमेंट की सबसे सुरक्षित मोटरसाइकिल हो गई है। इसमें पावर के लिए 115 सीसी, 4-स्ट्रोक, सिंगल सिलिंडर, इलेक्ट्रॉनिक इंजेक्शन के साथ एयर कूल्ड इंजन दिया गया है। इसका इंजन 7000 आरपीएम पर 8.6 पीएस की मैक्सिमम पावर और 5000 आरपीएम पर



9.81 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है। बजाज प्लेटिना 110 का इंजन 4-स्पीड गियरबॉक्स ट्रांसमिशन से लैस है। यह बाइक भारतीय बाजार में तीन कलर में उपलब्ध है। इनमें चारकोल ब्लैक, वॉलकेनिक रेड और बीच ब्लू शामिल हैं। कंपनी का दावा है कि इस बाइक में राइडर को बेहतर राइडिंग अनुभव मिलेगा। इससे पहले हाल ही में बजाज ऑटो ने अपनी बजाज प्लेटिना 110 का ईएस वेरिएंट भारत में लांच किया। भारतीय बाजार में बजाज प्लेटिना इलेक्ट्रिक स्ट्रार्ट की दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत 53,920 रुपये है। इसमें आरामदायक यात्रा के लिए स्प्रिंग-इन-स्प्रिंग सस्पेंशन दिया गया है। इसमें ट्यूबलेस टायर्स दिए गए हैं। यात्रा के दौरान झटके न लगें इसके लिए पहले के मुकाबले इसमें 20 फीसदी बड़ा फ्रंट और रियर सस्पेंशन दिया गया है। इसके अलावा इसमें एलईडी डीआरएल हेडलैंप और बेहतर ग्रिप के लिए चौड़े रबड़ फुटपैड्स दिए गए हैं।

